वार्षिक प्रतिवेदन

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग

इलाहाबाद

सन् १९५६--५७

मुद्रक

अधीक्षक, राजकीय मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद

१९५९

प्रस्तावना

भारतीय संविधान के अनुच्छेद ३२३, खण्ड (२) के अनुसार लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, सन् १९५६–५७ ई० का अपना वार्षिक प्रतिवेदन राज्यपाल महोदय को प्रस्तुत करते हैं।

नफीसुल हसन, अध्यक्ष
तेजस्वी प्रसाद भल्ला, सदस्य (छुट्टी पर)
राधाकृष्ण, सदस्य
सुरति नारायण मणि त्रिपाठी, सदस्य
गिरीश चन्द्र, सदस्य

इलाहाबाद :
२५ नवम्बर, १९५८ ई०।

विषय-सूची

परिशिष्ट

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सन् १९५६–५७ के कार्य का वार्षिक प्रतिवेदन

१—आयोग के सदस्य

श्री नफीसुल हसन, एम० ए०, एल–एल० बी०, आयोग के अध्यक्ष तथा सर्वश्री तेजस्वी–प्रसाद भल्ला, एम० ए०, एल–एल० बी० और राधाकृष्ण, एम० ए०, एल–एल० बी० उसके सदस्य वर्ष भर बने रहे। श्री पीताम्बर दत्त पाण्डे, एम० ए०, सदस्य ने १७ सितम्बर से १४ दिसम्बर, १९५६ तक दो महीने और २८ दिन के पूरे वेतन पर अवकाश ग्रहण किया और तब ६० वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने पर वे अपने पद से हटे। उनकी जगह श्री सुरति नारायण मणि त्रिपाठी, एम० ए०, एल–एल० बी०, आई० ए० एस०, सेवा–निवृत्त मैजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर ने २४ अक्तूबर, १९५६ को पद–भार ग्रहण किया।

(२) श्री गिरीश चन्द्र, एम० ए०, एल–एल० बी० ने पांचवें सदस्य के रूप में ३ जनवरी, १९५७ को पदभार ग्रहण किया।

२—आयोग के कर्मचारिवर्ग

श्री रामनरेश लाल, एम० ए०, एल–एल० बी०, आयोग के सचिव, श्री शिवलाल सहायक सचिव तथा श्री जहूरुल हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव के रूप में वर्ष भर बने रहे। श्री जहूरुल हसनैन, ५ जून से ४ अगस्त, १९५६ तक दो महीने की औसत वेतन पर छुट्टी पर रहे और श्री मुनीश्वरानन्द सक्सेना, एम० ए०, बी० काम०, ज्येष्ठ अधीक्षक, इस अवधि में उनके स्थानापन्न रहे।

(२) अतिरिक्त सहायक सचिव, सदस्य के एक वैयक्तिक सहायक, एक प्रवर वर्ग सहायक तथा तीन अवर वर्ग सहायक के अस्थायी पदों की अवधि एक वर्ष के लिये और बढ़ा दी गई।

(३) वर्ष में सहायक अधीक्षक के दो, सदस्य के वैयक्तिक सहायक का एक, प्रवरवर्ग सहायक के तीन तथा अवरवर्ग सहायक के दो नये अस्थायी पदों की वृद्धि की गई।

(४) चूंकि शासन ने अतिरिक्त सहायक सचिव के अस्थायी पद को स्थायी करने के गत वर्ष के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया था, इसलिये यह १९५७–५८ की नयी मांगों की सूची में फिर से शामिल कर दिया गया है।

(५) इस वर्ष भी ७,००० रुपया का पिण्ड राशि अनुदान (लम्प सम ग्रान्ट) कार्य की आकस्मिक वृद्धि हो जाने पर उसको आवश्यकतानुसार निबटाने के लिये, अतिरिक्त अस्थायी अराजपत्रित सचिवालय कर्मचारिवर्ग की नियुक्ति करने के लिये अध्यक्ष के अधिकार में रखा गया।

३—आय तथा व्यय

इस वर्ष आयोग की आय ५,३३,२२१ रुपये हुई, जबकि गत वर्ष केवल ३,८७,५९७ रुपये की आय थी। यह वृद्धि मुख्यतः आयोग द्वारा विज्ञापित विभिन्न पदों तथा प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिये प्रार्थियों की संख्या में वृद्धि होने के कारण हुई।

(३) इस वर्ष कुल ६,३३,४४२ रुपया व्यय हुआ, जबकि गत वर्ष ५,४०,४८५ रुपया व्यय हुआ था। व्यय में ९२,९५७ रुपये की वृद्धि का कारण आयोग के एक और सदस्य के पद तथा अन्य अस्थायी पदों की वृद्धि तथा विज्ञापनों, डाक टिकटों एवं यात्रा भत्ता में अधिक व्यय का होना है।

४--आयोग की बैठकें

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में विविध परीक्षाओं तथा चुनावों के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों की व्यक्तित्व परीक्षायें लेने तथा उनका साक्षात्कार करने के लिये आयोग ने २१० दिन अपनी बैठकें कीं। जो मामले पत्रावलियों के घुमाने से निबटाये न जा सके, उन पर विचार-विनिमय करने के लिये भी आवश्यकतानुसार आयोग ने अपनी बैठकें कीं। गर्मियों में कुछ पदों के लिये साक्षात्कार नैनीताल में किये गये। शेष सभी साक्षात्कार इलाहाबाद में ही हुये।

५--परीक्षा द्वारा भर्ती

आयोग ने इस वर्ष निम्नलिखित परीक्षायें लीं--

(१) परिवहन आयुक्त के संगठन में सहायक प्रादेशिक निरीक्षक (प्राविधिक)।

(२) अपराध अनुसन्धान विभाग, उत्तर प्रदेश में शीघ्रलिपि प्रतिवेदक।

(३) कानूनगो।

(४) उत्तर प्रदेश सचिवालय तथा लोक सेवा आयोग के कार्यालय में अवर वर्ग सहायकों के लिये सम्मिलित परीक्षा।

(५) उत्तर प्रदेश सचिवालय तथा लोक सेवा आयोग के कार्यालय में प्रवर वर्ग सहायकों के लिये सम्मिलित परीक्षा।

(६) फारेस्ट रेंजर्स कोर्स १९५७-५९।

(७) सहायक बिक्रीकर अधिकारी तथा मनोरंजन कर निरीक्षक के पदों के लिये चुनाव करने के हेतु सम्मिलित परीक्षा।

(८) अधीनस्थ राजस्व (अधिशासी) सेवा में नायब तहसीलदार तथा पेशकार।

(९) उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी), उत्तर प्रदेश पुलिस, उत्तर प्रदेश वित्त तथा लेखा एवं बिक्रीकर अधिकारी सेवाओं के लिये चुनाव करने के हेतु सम्मिलित परीक्षा।

(१०) लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष का हिन्दी आशुलिपिक। यह परीक्षा अंशतः १९५६-५७ तथा अंशतः १९५७-५८ में ली गई।

२--उपर्युक्त परीक्षाओं में बैठने के लिये कुल ९,२९९ अभ्यर्थियों ने आवेदन-पत्र दिये, जिनमें से ८,५७९ अभ्यर्थियों को परीक्षाओं में बैठने की अनुमति मिली और ७,१७६ अभ्यर्थी परीक्षाओं में बैठे। इन परीक्षाओं सम्बन्धी सम्पूर्ण आंकड़े परिशिष्ट २ की मद संख्याओं ७ से १६ के सामने दिये गये हैं।

३--इस वर्ष कुल ७२४ अभ्यर्थियों की व्यक्तित्व परीक्षायें ली गईं, जिनमें से ३७६ चुने गये और नियुक्त किये गये। व्यक्तित्व परीक्षायें परिशिष्ट २ की मद संख्याओं १ से ६,७,९ तथा १२ के सामने दिखलायी गयी ९ परीक्षाओं के सम्बन्ध में ली गई थीं। मद संख्यायें १ से ६ के सामने वे परीक्षायें दिखलायी गई हैं, जिनके लिये लिखित परीक्षायें गत वर्ष हुई थीं।

४--वरिष्ठ वन सेवा (सुपीरियर फारेस्ट सर्विस) (डिप्लोमा) कोर्स १९५७-६०, उत्तर प्रदेश असैनिक (न्यायिक) सेवा और उत्तर प्रदेश न्यायिक अधिकारियों की सेवा (१९५६) के लिये चुनाव की परीक्षाओं में भर्ती होने के लिये कुल ४६५ आवेदन-पत्र प्राप्त हुये थे। बाद वाली परीक्षा प्रतिवेदनाधीन वर्ष में न ली जा सकी, क्योंकि फरवरी १९५७ में शासन के निश्चय के अनुसार दो वर्ष की वकालत की शर्त को हटाकर पात्रता क्षेत्र को विस्तृत करके उसके विज्ञापन में संशोधन करना पड़ा और आवेदन-पत्रों की प्राप्ति की अन्तिम तिथि को बढ़ाना पड़ा। वरिष्ठ वन सेवा की परीक्षा के लिये वर्ष के अन्तिम भाग में विज्ञापन निकाला गया था।

५--१९५५ की संयुक्त राज्य सेवाओं की परीक्षा के फलस्वरूप निम्नलिखित सेवाओं के लिये अनुसूचित जातियों के लिये सुरक्षित रिक्तियों के हेतु पर्याप्त संख्या में उन जातियों के अभ्यर्थी उपलब्ध हुये--

	अनुसूचित जातियों के लिये सुरक्षित रिक्तियों की संख्या	चुने गये और नियुक्त किये गये अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों की संख्या
१--उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा	४	४
२--उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा	१	१
३--उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा	२	३*

निम्नलिखित सेवाओं के लिये अनुसूचित जातियों के चुने गये अभ्यर्थियों की संख्या उन जातियों के लिये सुरक्षित रिक्तियों की संख्या से कम पड़ गई, यद्यपि उनके चुनाव निम्नतर स्तर से किये गये थे :--

	अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों के लिये सुरक्षित रिक्तियों की संख्या	अनुसूचित जातियों के चुने गये अभ्यर्थियों की संख्या
१--आबकारी निरीक्षक	८	२
२--उत्तर प्रदेश पंचायत लेखा परीक्षा संगठन में लेखा परीक्षक	३०	२
३--उत्तर प्रदेश असैनिक (न्यायिक) सेवा	१०	१†
४--उत्तर प्रदेश न्यायिक अधिकारियों की सेवा	२	--
५--कानूनगो	९	१
६--अवर वर्ग सहायक--		
(१) उत्तर प्रदेश सचिवालय के लिये	१९	१
(२) उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के कार्यालय के लिये	२	--
७--प्रवर वर्ग सहायक--		
(१) उत्तर प्रदेश सचिवालय के लिये	९	२
(२) उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के कार्यालय के लिये	१	--

*नोट--उत्तर प्रदेश वित्त तथा लेखा सेवा में अनुसूचित जातियों के लिये जो रिक्तियां सुरक्षित विज्ञापित की गई थीं, उनकी संख्या २ थी। परीक्षाफल निकल जाने के बाद शासन ने, आयोग की सलाह से, अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों के लिये एक और रिक्ति सुरक्षित करने का निश्चय किया, ताकि सेवा में उनको पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिल जाय तथा पिछली कमियों की पूर्ति हो जाय।

†नोट--ऐसे दो और अभ्यर्थियों को शासन ने "परीक्षण के लिये उपयुक्त के आधार" पर नियुक्त किया।

६--अपराध अनुसन्धान विभाग, उत्तर प्रदेश में आशु प्रतिवदक के पदों के लिये जिन अभ्यर्थियों को आयोग ने संस्तुत किया था, उनके विषय में नियुक्ति की आज्ञा वर्ष के अन्त तक नहीं प्राप्त हुई थी। शेष सभी मामलों में आयोग की सिफारिशें यथाविधि मान ली गई।

७--परिशिष्ट २ में दिये हुये अंकों पर दृष्टिपात करने से यह ज्ञात होगा कि विभिन्न सेवाओं के लिये प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं द्वारा चुनाव करने के हेतु निकाले गये विज्ञापन के उत्तर में सामान्य रूप से अच्छी संख्या में आवेदन-पत्र आये थे। इसका अपवाद केवल उन सेवाओं के लिये था जिनके लिये आशुलिपि के ज्ञान की अपेक्षा थी। गत प्रतिवेदन के पृष्ठ ४ पर पैरा ७ में इस बात का उल्लेख किया गया था कि चूंकि अपराध अन्वेषण विभाग में आशु प्रतिवेदकों की परीक्षा के हेतु निकाले गये विज्ञापन के फलस्वरूप बहुत कम अभ्यर्थियों ने आवेदन-पत्र भेजे थे, इसलिये पहले जो अर्हतायें निर्धारित की गई थीं, उनको घटा दिया गया था। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में विज्ञापन फिर से निकाला गया, परन्तु उसके फलस्वरूप भी आयोग को उतने उपयुक्त अभ्यर्थी न मिल सके, जितनों की आवश्यकता थी। हिन्दी आशुलिपि में १४ व्यक्तियों ने प्रतियोगितात्मक परीक्षा में भाग लिया, लेकिन किसी को 'शून्य' से अधिक अंक नहीं मिले। अंग्रेजी आशुलिपि में केवल ३ अभ्यर्थियों ने ३७ से ५४ प्रतिशत तक अंक प्राप्त किये, बाकी उम्मीदवारों को "शून्य" से अधिक अंक नहीं मिले। आयोग के अध्यक्ष के हिन्दी आशु लिपिक के पद के लिये भी बहुत ही कम अभ्यर्थी आये और केवल एक अभ्यर्थी उपयुक्त पाया गया। इन सब बातों से इस तथ्य की परिपुष्टि होती है कि हमारे राज्य में हिन्दी तथा अंग्रेजी के अच्छे या कम से कम काम चलाऊ आशुलिपिकों की बहुत बड़ी कमी है।

८--गत प्रतिवेदन के पृष्ठ ४ के आठवें पैरा में एक ऐसी सूची तैयार करने के बारे में उल्लेख किया गया था जिसमें प्रतिवर्ष होने वाली विभिन्न प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं की परीक्षा तिथियां दी गई हों। यह प्रश्न प्रतिवेदनाधीन वर्ष में शासन के विचाराधीन रहा।

६--चुनाव द्वारा भर्ती

जिन पदों के लिये आयोग ने प्रतिवेदनाधीन वर्ष में विज्ञापन, साक्षात्कार आदि के पश्चात् चुनाव किया, उन पदों की कुल संख्या २,०६७ थी, जिनके लिये कुल २०,७३८ आवेदन-पत्र प्राप्त हुये थे। कुल ४,५७२ अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया और उनमें से कुल २,११५ अभ्यर्थी चुने गये। इन चुनावों के बारे में विस्तृत विवरण परिशिष्ट ३ में दिया गया है। न अंकों में यथापूर्व, उन पदों से सम्बन्धित संख्यायें भी सम्मिलित हैं, जिनके लिये विज्ञापन गत वर्ष के अन्तिम भाग में निकाले गये थे या जिनके लिये किसी कारणवश उस वर्ष के भीतर चुनाव न किये जा सके थे। उनमें कुछ मामले* ऐसे भी शामिल हैं, जिनमें साक्षात्कार अंशतः प्रतिवेदनाधीन वर्ष में और अंशतः १९५७-५८ में किये गये।

२--६,०६० आवेदन-पत्र, जो परिशिष्ट ३ (अ) में दिखलाये गये १,०१४ पदों के लिये विज्ञापन के फलस्वरूप प्राप्त हुये थे, वर्ष के अन्त तक निबटाये नहीं गये। इनके अतिरिक्त चुनाव के लिये ८० अर्थनायें (रिक्वीजीशंस) भी बाकी रहीं जिनके बारे में कोई विज्ञापन इस कारण न निकाले जा सके थे कि या तो विज्ञापित करने के लिये अर्हताओं आदि के प्रश्न पर पत्र-व्यवहार होता रहा या अर्थनायें वर्ष के अन्तिम भाग में प्राप्त हुई थीं।

३--सम्बन्धित नियुक्ति अधिकारियों के कहने पर आयोग ने निम्नलिखित पदों के लिये जो विज्ञापन निकाले थे वे प्रत्येक के सामने अंकित कारणों से रद्द कर दिये गये और उन पदों के लिये अभ्यर्थियों द्वारा जमा किये हुये आवेदन-शुल्क उन्हें लौटा दिये गये--

*अर्थात् परिशिष्ट ३ की मद संख्यायें १७८, १९१, २१२, २३० तथा २३४।

पद का नाम	विज्ञापन को रद्द करने के कारण
१—राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी के लिये न्याय के प्राध्यापक	शासन ने महाविद्यालय को एक संस्कृत विश्वविद्यालय में परिणत करने का निश्चय किया। चूंकि प्रस्तावित विश्वविद्यालय की आवश्यकतायें भिन्न हो सकती थीं, इसलिये शासन ने विज्ञापन को रद्द कर देने का आयोग से अनुरोध किया।
२—उत्तर प्रदेश उद्योग संचालकालय के अन्तर्गत ताला विकास योजना के अधीक्षक	शासन ने ताला विकास योजना को बन्द कर दिया।
३—टी० बी० सैनेटोरियम, डाकपाथर, देहरादून के अधीक्षक	शासन ने आयोग को सूचित किया कि कुछ अनिवार्य परिस्थितियों के कारण सैनेटोरियम बन्द कर दिया गया।
४—उत्तर प्रदेश उद्योग संचालकालय के अन्तर्गत सूटकेस फिटिंग के लिये टेक्निकल प्रबन्धक	शासन ने प्रशासनिक कारणों से सूटकेस फिटिंग के निर्माण की योजना को बन्द कर दिया।
५—उत्तर प्रदेश उद्योग संचालकालय के अन्तर्गत यान्त्रिक खिलौनों के लिये वर्क्स मैनेजर	शासन ने यान्त्रिक खिलौनों को बनाने की योजना को बन्द कर दिया।
६—उत्तर प्रदेश उद्योग संचालकालय के अंतर्गत कुट्टी काटने की चाकुओं की योजना (चैफ कटर नाइव्ज़ स्कीम) के लिए वर्क्स सुपरिन्टेन्डेन्ट	शासन ने कुट्टी काटने की चाकुओं की योजना को बन्द कर दिया।
७—उत्तर प्रदेश उद्योग संचालकालय के अंतर्गत रिसर्च-कम-माडल वर्कशाप सेन्टर के लिये अभियन्ता	आयोग ने इस योजना के कार्यान्वियन को १९५८-५९ तक टाल देने का निश्चय किया और आयोग से विज्ञापन को रद्द कर देने का अनुरोध किया।

निम्नलिखित पदों का चुनाव करने के लिये भी वर्ष के भीतर अर्थनायें (रिक्वीज़ीशन्स) प्राप्त हुई थीं, किन्तु सके पूर्व कि कोई विज्ञापन निकाला जा सके, ये अर्थनायें वापस मंगा ली गईं—

(१) उत्तर प्रदेश अभियन्ताओं की सेवा, क्लास दो, की जल विद्युत् शाखा में सहायक अभियन्ताओं के २२ अस्थायी पद।

(२) ग्रामोद्योगों के अधीक्षक के ९ पद।

(३) सहायक उद्योग संचालक (कौश कृमि पालन) (सेरीकल्चर) के दो पद, तथा

(४) उप-उद्योग संचालक (कौश कृमि पालन) का एक पद।

यह बिल्कुल साफ है कि ऊपर लिखे हुये सभी मामलों में चुनाव करने के लिये आयोग से जब कहा गया, तब पक्का विचार नहीं किया गया था। किसी विज्ञापन को रद्द करना न तो शासन के लिये श्रेयस्कर है और न आयोग के लिये। इसमें समय, श्रम और धन का अपव्यय भी होता है। अतः आयोग सभी सम्बन्धित अधिकारियों पर इस बात पर जोर देना चाहेंगे कि जब किसी पद को सृजित करने अथवा किसी रिक्त पद को भरने का पक्का निश्चय कर लिया जाय, तभी चुनाव करने के लिये अर्थनायें भेजी जायं।

४--देश में टेक्निकल अर्हताओं से युक्त व्यक्तियों के अभाव में आयोग यथाविधि विज्ञापित ४२७ पदों* पर नियुक्ति करने के लिये उपयुक्त अभ्यर्थियों को संस्तुत न कर सके। आयोग ने इन पदों के लिये अभ्यर्थियों को प्राप्त करने के कुछ सुझाव, जहां कोई है, दिये हैं, जो परिशिष्ट ३ के अभ्युक्ति-स्तम्भ में सम्बन्धित मदों के सामने दिखलाये गये हैं।

५--परिशिष्ट ३ की मद संख्याओं ५३, १३७, १६९, १७५ तथा २३४ के सामने दिखलाये गये १०८ पदों पर आयोग द्वारा संस्तुत अभ्यर्थियों की नियुक्ति करने के लिये आज्ञाओं को जारी करने में काफी देरी की गई, यद्यपि नियुक्ति विभाग ज्ञाप सं० ०-५२५०/२-बी--५४-४८, दिनांक २९ दिसम्बर, १९४८ में ऐसी आज्ञाओं को जारी करने की अवधि केवल २ मास है। शेष सभी मामलों में परिशिष्ट ३ के स्तम्भ ३ में दिखलाई हुई रिक्तियों के लिये आयोग द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी यथाविधि नियुक्त किये गये।

६--१९५५-५६ की रिपोर्ट के पृष्ठ ५ पर पैरा ६ में इस बात का उल्लेख किया गया था कि उस प्रतिवेदन के परिशिष्ट ३ की मद संख्याओं ४, ६०, ७८ तथा १४० के सामने दिखलाई हुई ३४ रिक्तियों के संबंध में नियुक्ति आज्ञाओं की प्रतीक्षा थी। उन मदों के सम्बन्ध में नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार है :--

(१) जिस अभ्यर्थी को आयोग ने सहायक उद्योग संचालक (कोश कृमि पालन) के पद (उपर्युक्त मद संख्या ४) पर नियुक्ति के लिये संस्तुत किया था, उसको मद्रास सरकार ने, जिसके अधीन वह कार्य कर रहा था, कार्य-भार से मुक्त नहीं किया। अतः आयोग ने पद का विज्ञापन फिर से निकालने का सुझाव दिया।

(२) सिंचाई विभाग के सहायक अभियन्ता (उसी की मद संख्या ६०) के पदों पर नियुक्ति के लिये आयोग द्वारा अक्तूबर, १९५५ में संस्तुत २६ अभ्यर्थियों के संबंध में औपचारिक नियुक्ति आज्ञा प्रतिवेदनाधीन वर्ष भर में नहीं जारी की गई थी। यह असाधारण विलम्ब का एक मामला है, जिससे मालूम पड़ता है कि सिंचाई विभाग में आयोग द्वारा संस्तुत अभ्यर्थियों को नियुक्त करने में जिस प्रक्रिया का अनुसरण किया जाता है, कुछ दोषपूर्ण है।

(३) आयोग ने निश्चेतक (अनास्थेटिस्ट) (उसी की मद संख्या ७८) के दो पदों में से एक पर नियुक्त करने के लिये जिस अभ्यर्थी को संस्तुत किया था, वह उच्चतर प्रारम्भिक वेतन चाहता था। अतः स मामले में पत्र-व्यवहार होता रहा।

---

*परिशिष्ट ३ की मद संख्याओं २०, २४, २५, २७, ३८ (ख), ४१, ४५, ५३, १२३ (क), १४३ (ख), १५४, १६४, १७५, १८४, १८५, १९०, १९२ (क), १९२ (ख), २०६ (ख), २१२, २१३, २१४, २१६ (ख) के सामने दिखलाये हुये ५१२ पदों के लिये केवल १७० अभ्यर्थी संस्तुत किये जा सके।

उसी परिशिष्ट में मद संख्याओं २३, ३८ (ग), ४८, ६८, ११४, ११८ (ग), ११९ (ख) और (ग), १२२ (क), १२३ (घ) से (छ), १२९, १३० (ग), १३६, १३८, १४२, १५३ (घ), १५७, १५९, १६०, १७७, १७८, १८२, २०१ (ख), २०२, २०३, २०४ (क) से (घ), २०७, २२९ (क) और (ख), २३३ (ख), २३५, २३९ (क) और (ख), २४० से २५१, २५३ से २७६ के सामने दिखलाये हुये ८६ पदों के लिये कोई भी उपयुक्त अभ्यर्थी संस्तुत नहीं किये जा सके।

(४) उसी की मद संख्या १४० के सामने दिखलाये हुये ६ पदों के लिये आयोग की संस्तुतियां यथाविधि मान ली गईं।

७—१९५४-५५ की रिपोर्ट के पृष्ठ ७ के पैरा ९ तथा १९५५-५६ की रिपोर्ट के पृष्ठ ७ के पैरा १३ की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है। शासन ने चौधरी मुख्तार सिंह राजकीय पालीटेक्निक मेरठ, दौराला, में रासायनिक अभियन्त्रण तथा अभियन्त्रण उपविभाग के प्रधान के पद पर नियुक्ति के लिये आयोग द्वारा विज्ञापन और साक्षात्कार के पश्चात् मार्च, १९५५ में निर्वाचित एवं संस्तुत अभ्यर्थी को नियुक्त नहीं किया और १९ मई, १९५७ तक स्थानापन्न पदधारी को नियुक्ति को चलाते रहे, यद्यपि आयोग ने बार-बार यह सलाह दी कि जिस अभ्यर्थी को उन्होंने चुना था, वह विज्ञापन में दी हुई शर्तों के अनुसार योग्यतम था, अतः उसकी नियुक्ति होनी चाहिये। अन्त में शासन ने पद को समाप्त करने का निश्चय किया, क्योंकि "दौराला के आसपास रासायनिक अभियन्त्रण के अध्ययन के लिये अधिक क्षेत्र नहीं है।"

८—गत प्रतिवेदन के पृष्ठ ७ पर पैरा १६ में निर्देशित १९५४-५५ के ९ मामलों में से, जिनके बारे में १९५५-५६ के अन्त तक नियुक्ति आज्ञा नहीं प्राप्त हुई थी, एक चौधरी मुख्तार सिंह राजकीय पालीटेक्निक, मेरठ, में रासायनिक अभियन्त्रण में व्याख्याता के पद के चुनाव के बारे में था। उस पद पर नियुक्ति के लिये आयोग ने जिस अभ्यर्थी को चुन कर संस्तुत किया था, वह वही था जिसको शासन उसी पालीटेक्निक के रासायनिक अभियंत्रण तथा अभियन्त्रण उपविभाग के प्रधान के पद पर आयोग के परामर्श के विरुद्ध स्थानापन्न रूप से १९ मई, १९५७ तक चलाते रहे (देखिये ऊपर पैरा ७)। तत्पश्चात् शासन ने उसको सी० एम० एस० राजकीय केमिकल टैक्नोलाजी की संस्था दौराला और राजकीय पालीटेक्निक, मेरठ के प्रधानाचार्य-पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिये नियुक्त किया, लेकिन उसने त्यागपत्र दे दिया और उसका त्यागपत्र ३० जुलाई, १९५७ को स्वीकृत कर लिया गया। इस प्रकार उसको 'व्याख्याता' के पद पर नियुक्त करने की आयोग की संस्तुति कार्यान्वित नहीं की गई और इस मामले में भी उनकी सलाह नहीं मानी गई। शेष सभी ८ मामलों में उनकी सलाह मान ली गई।

९—गतवर्षीय प्रतिवेदन के पृष्ठ ६ पर पैरा ८ में वर्णित जिला सूचना अधिकारी के दस अस्थायी पदों तथा क्षेत्रीय सूचना अधिकारी के दो अस्थायी राजपत्रित पदों के लिये आयोग द्वारा चुनाव करने के प्रश्न पर निर्णय लेने में जो विलम्ब हुआ, उसकी सूचना आयोग ने शासन के मुख्य सचिव को दी। तत्पश्चात् शासन (सूचना विभाग) ने नवम्बर, १९५६ में आयोग को सूचित किया कि उन पदों के अतिरिक्त विभाग में कुछ और पद हैं, जैसे सूचना अधिकारी, समाचार अधिकारी, अनुवादक, पत्रकार आदि आदि के पद, और उन सब पदों पर अन्तरकालीन नियुक्तियां की गई हैं तथा उन सब मामलों के लिये आयोग को निर्देश करना है। वर्ष की समाप्ति के बाद आयोग को लिखा गया कि क्षेत्रीय सूचना अधिकारी के तीन अस्थायी पद और जिला सूचना अधिकारी के ५२ स्थायी पद थे, जो १ मई, १९५७ से राजपत्रित कर दिये गये थे और शासन ने उन पदों को आयोग के विचार-क्षेत्र में लाने का निश्चय किया है। उन पदों को भरने की प्रक्रिया के बारे में एक निर्देश भी प्राप्त हुआ था, जिसका उत्तर दे दिया गया है। आयोग ने आलेख्य विज्ञापन मांगा है और अब उसकी प्रतीक्षा है।

१०—जनवरी, १९५७ में विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश ने आयोग को सूचित किया कि सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के पदों के लिये उन्होंने एक विज्ञापन निकाला था, जिसके उत्तर में ५,००० से कुछ अधिक आवेदन-पत्र प्राप्त हुये थे और यद्यपि ये पद आयोग के विचार-क्षेत्र में नहीं लाये गये हैं फिर भी शासन ने निश्चय किया है कि इन चुनावों में उनका सहयोग प्राप्त किया जाय। तदनुसार उन्होंने आयोग से अनुरोध किया कि साक्षात्कार में बुलाने के लिए अभ्यर्थियों का चुनाव करने में परामर्श दें और चुनाव समिति की अध्यक्षता करने के लिये अपने किसी सदस्य को मनोनीत भी करें। आयोग ने वांछित सलाह दी और एक चुनाव समिति ने, जिसमें श्री सुरति नारायण मणि त्रिपाठी, सदस्य, लोक सेवा आयोग, अध्यक्ष थे तथा श्री जे० बी०

टन्डन, आई० ए० एस०, संचालक, पंचायत राज, और श्री एस० के० दीक्षित, अतिरिक्त विकास अधिकारी, सदस्य थे, लखनऊ में २२ मार्च, १ अप्रैल तथा ११ व १८ अप्रैल, १९५७ को ४१५ अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करने के बाद २०० को नियुक्ति के लिये एवं ५० को आरक्षित सूची के लिये चुना।

७--बिना विज्ञापन के भर्ती

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में, चुनाव की लिखित परीक्षा की अथवा अन्य प्रकार की, सामान्य प्रक्रिया को शिथिल करके ३३४ अभ्यर्थियों (गत वर्ष के ३७ अभ्यर्थियों को शामिल करके) की नियुक्ति के मामलों पर विचार करने के लिये आयोग से अनुरोध किया गया था, जिसका विवरण परिशिष्ट ४ व ४-अ में दिया हुआ है। परिशिष्ट ४ में दिये हुये मामलों में से ५० अभ्यर्थी उसमें दिये हुये कारणों से नियुक्ति के लिये अनुमोदित किये गये और २५८ अनुमोदित नहीं किये गये। जिन मामलों में आयोग ने अनुमोदन नहीं प्रदान किया, उनमें से अधिकांश में उन्होंने सुझाव दिया कि पदों के लिये विज्ञापन निकाले जायं, जब स्थानापन्न पदधारी भी अन्यों के साथ अपने अवसर का उपयोग करें। ८ अभ्यर्थियों के मामलों में आयोग ने उनका साक्षात्कार करने के बाद अपनी राय देने का निश्चय किया। परिशिष्ट ४-अ में दिये हुये १८ पद-धारियों के मामले उसमें दिखलाये गये कारणों से निबटाये न जा सके।

२--सितम्बर, १९५६ में शासन ने आयोग को एक विज्ञप्ति की एक प्रतिलिपि पृष्ठां-कित की, जिसमें १ मई, १९५६ से एक महिला डाक्टर को पी० एम० एस० (महिला) II में परीक्षणकाल (आन-प्रोबेशन) पर नियुक्त किया गया था। आयोग ने देखा कि उक्त महिला डाक्टर को पहले ही आयोग के परामर्श से २६ मार्च, १९५४ से एक स्थायी पद पर एक वर्ष के परीक्षण-काल पर नियुक्त किया गया था। चूंकि विज्ञप्ति से इस बात का साफ पता नहीं चलता था कि उसको १ मई, १९५६ से परीक्षण-काल पर फिर क्यों रखा गया था, इसलिये यह पूछा गया कि किन परिस्थितियों में ऐसा किया गया। शासन ने उत्तर दिया कि उसने बम्बई में डी० जी० ओ० कोर्स पूरा करने के लिये एक वर्ष के अध्ययन-अवकाश (स्टडी लीव) के लिये आवेदन-पत्र दिया था और जो छुट्टी उसकी शेष थी वह उसको स्वीकृत की गई थी, लेकिन चूंकि १५ अप्रैल, १९५४ के बाद उसकी कोई छुट्टी शेष नहीं थी, सलिये १६ अप्रैल, १९५४ से उसकी सेवाओं को समाप्त करना पड़ा था। डी० जी० ओ० कोर्स पूरा करने के बाद उसको फिर पी० एम० एस० (महिला) II में १ मई, १९५६ से नियुक्त किया गया। शासन ने खेद प्रकट किया कि उसकी सेवाओं को समाप्त करते समय स्थिति की सूचना आयोग को नहीं दी गई थी और १ मई, १९५६ से उक्त महिला की स्थायी नियुक्ति को अनुमोदित करने के लिये आयोग से अनुरोध किया। आयोग ने जो अनुमोदन मांगा था, उसे दिया, किन्तु यह कहा कि जो सरकारी कर्मचारी किसी पाठचर्या (कोर्स ऑफ स्टडी) को पूरा करने के लिये छुट्टी लेते हैं, उनकी सेवाओं को समाप्त करके सिद्धांततः उनके साथ अन्याय किया जाता है, क्योंकि ऐसा होने पर वे अपनी पूर्व सेवाओं के सब प्रकार के लाभों से वंचित रह जाते हैं। आयोग ने सुझाव दिया कि ऐसे मामलों में कर्मचारियों की सेवाओं को समाप्त करने के बजाय उनको बिना वेतन के छुट्टी दी जा सकती है, जिसमें यह शर्त लगा दी जाय कि ऐसी छुट्टी से उनकी सेवा में विच्छेद नहीं होगा, परन्तु यह उनकी छुट्टी और पेंशन में नहीं गिना जायगा। इसी प्रकार का सुझाव आयोग ने कृषि विभाग के एक मामले में दिया था, जिसमें तीन कर्मचारियों द्वारा आई० ए० आर० आई० में स्नातकोत्तर कोर्स पूरा करने के लिये जाने पर उनकी सेवाओं को समाप्त कर दिया गया था। इस मामले में शासन के आदेशों की प्रतीक्षा की जा रही है।

३--सरकारी और सहायता-प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों तथा राजकीय आदर्श विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों में से प्रति-उप-विद्यालय निरीक्षक के १० पदों पर विज्ञापन के बाद सीधी भर्ती द्वारा, अथवा क्षेत्रीय उप-शिक्षा संचालकों के मनोनीत अभ्यर्थियों में से चुनाव करने का प्रश्न, जिसका वर्णन गत प्रतिवेदन के पृष्ठ ८ के पैरा २ में किया गया था, वर्ष भर पत्र-व्यवहारा-न्तर्गत रहा।

८--पदोन्नति द्वारा भर्ती

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में पदोन्नति द्वारा चुनाव के क्षेत्र में दो परिवर्तन जो कुछ महत्वपूर्ण हैं, लागू किये गये। इनमें से एक चुनाव की उस प्रक्रिया के बारे में था, जिसमें पदोन्नति के लिये निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति द्वारा चुनाव करने की पद्धति लागू की गई :--

(१) लोक सेवा आयोग का एक प्रतिनिधि अध्यक्ष के रूप में, तथा

(२) विभागाध्यक्ष, अथवा नियुक्ति प्राधिकारी अथवा शासकीय सचिव, एक सदस्य के रूप में, और

(३) शासन अथवा नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा मनोनीत विभाग का एक और ज्येष्ठ अधिकारी दूसरे सदस्य के रूप में। यह परिवर्तन आयोग के परामर्श से मई, १९५६ में किया गया। नई प्रक्रिया का विस्तृत विवरण 'उत्तर प्रदेश शासन नियुक्ति (ख) विभाग कार्यालय ज्ञाप संख्या १५७१/२-बी--५०-५५, दिनांक १५ मई, १९५६' में पाया जायगा, जो कार्यालय ज्ञाप संख्या ४७६०/२-बी--५०-५५, दिनांक १८ दिसम्बर, १९५६ द्वारा कुछ संशोधित रूप में, सुगम निर्देश के लिये परिशिष्ट ५ (ब) में उद्धृत कर दिया गया है।

२--दूसरा परिवर्तन पदोन्नति की कसौटी के बारे में था, देखिये नियुक्ति (ख) विभाग कार्यालय ज्ञाप संख्या ३९६२/२-बी--५०-५५, दिनांक २७ दिसम्बर, १९५६, जिसने तद्विषयक पूर्व शासकीय आदेश संख्या ०-३०५/२-बी-१९५३, दिनांक ३० जनवरी, १९५३ का अवक्रमण कर दिया। नई कसौटी के अनुसार--

(१) अयोग्यों को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता (सीनियारिटी) का सिद्धान्त अब एक ही सेवा के अन्तर्गत एक निम्न ग्रेड या पद से उच्चतर ग्रेड या पद में अथवा एक अधीनस्थ सेवा से दूसरी अधीनस्थ सेवा में पदोन्नति के मामलों में लागू होता है,

(२) पात्रता के सम्पूर्णक्षेत्र में से श्रेष्ठता (मेरिट) के आधार पर कड़ाई के साथ चुनाव का सिद्धान्त कुछ अधीनस्थ सेवाओं से राज्य सेवाओं में पदोन्नति के मामलों में तथा शुद्ध प्रवरण पदों (प्योरली सेलेक्शन पोस्ट्स) में पदोन्नति के मामलों में लागू होता है।

किन्तु 'असाधारण प्रतिभा' सम्पन्न व्यक्तियों की पदोन्नति उपर्युक्त वर्ग (१) में आने वाले मामलों में भी हो सकती है। शासन ने आयोग का परामर्श लिये बिना ही यह परिवर्तन कर दिया था, यद्यपि जब आयोग ने इस भूल की ओर शासन का ध्यान आकृष्ट किया, तब उनसे इसको अनुमोदित करने का अनुरोध किया गया था। आयोग इस नई कसौटी का प्रयोग करके इसके गुणावगुण की जांच करने के विचार से इस धारणा के साथ इससे सहमत हुए कि जो अभ्यर्थी अयोग्य ठहराकर अस्वीकृत कर दिया जायगा, वह सदैव के लिये अयोग्य नहीं समझ लिया जायगा और उसके मामले पर प्रत्येक अनुवर्ती चुनाव में विचार किया जायगा।

३--प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आयोग ने अपने विचार-क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न सेवाओं या पदों में ५७७ रिक्तियों में पदोन्नति के लिये २, १७१ उपाधिकारियों के प्रकरणों पर विचार किया। उनके विस्तृत विवरण परिशिष्ट ५ में दिये गये हैं।

४--५७७ रिक्तियों में से ४६१ रिक्तियों में पदोन्नति के लिये अभ्यर्थी आयोग द्वारा संस्तुत किये गये। ६० रिक्तियों के विषय में आयोग पदोन्नति द्वारा चुनाव करने के लिये उपयुक्त अभ्यर्थियों को संस्तुत न कर सके और परामर्श दिया कि उन रिक्तियों को सीधी भर्ती द्वारा भरा जाय। ४७ रिक्तियों के विषय में आयोग ने परामर्श दिया कि पदोन्नति द्वारा चुनाव करने के लिए शासन द्वारा निर्धारित नवीनतम प्रक्रिया के अनुसार एक नया चुनाव किया जाना चाहिये। एक रिक्त को पदोन्नति द्वारा भरने के प्रस्ताव को शासन ने उसके लिये चुनाव किये जाने के पूर्व

ही वापस कर लिया और २ प्रत्याशित रिक्तियां, जिनके लिए चुनाव किया जा चुका था, घटित नहीं हुईं। ६ रिक्तियों के विषय में आयोग ने कोई संस्तुति नहीं की क्योंकि कुछ अग्रेतर सूचना या चरित्रावलियां नहीं प्राप्त हुई थीं। नई प्रक्रिया के अनुसार स्थायी रिक्तियों के लिये चुनाव करते समय आयोग ने काफी बड़ी संख्या में दीर्घावधि स्थानापन्न और अस्थायी रिक्तियों के लिये भी अभ्यर्थियों को संस्तुत किया था, जिनमें से सब परिशिष्ट ५ में नहीं दिखलाई गई हैं।

५—प्रतिवेदनाधीन वर्ष में ४५१ रिक्तियों में पदोन्नति से संबंधित ४३ प्रकरणों को, जिनके विवरण परिशिष्ट ५–अ में दिये हुये हैं, प्रत्येक के सामने अंकित कारणों से निपटाया नहीं जा सका यद्यपि इन प्रकरणों में से कुछ के विषय में काफी काम वर्ष के दौरान में किया जा चुका था।

६—परिशिष्ट ५ की मद संख्याओं ४, ५, ८, ९, १०, ११, १३, १४, १५, २५, ४९ तथा ६० के सामने दिखलाये हुये पदों के लिये चुनाव नई प्रक्रिया के अनुसार आयोग के एक सदस्य की अध्यक्षता में चुनाव समितियों द्वारा पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किये जाने के बाद किया गया। अन्य प्रकरणों में (मद संख्याओं ५३ और ५५ को, जिनका निर्देश पैरा ९ में नीचे किया गया है, छोड़ कर) आयोग ने पात्र अभ्यर्थियों की चरित्रावलियों का ही अवलोकन करके अपना परामर्श दिया।

७—३४५ रिक्तियों के संबंध में आयोग के परामर्श यथोचित रूप से स्वीकार कर लिये गये और ११६ रिक्तियों के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गये आदेश वर्ष की समाप्ति तक प्राप्त नहीं हुये थे।

८—गत प्रतिवेदन के पृष्ठ ९ के पैरा ४ में निर्देशित सभी ३४ उपाधिकारियों के संबंध में भी आयोग का परामर्श, जिसके विषय में नियुक्ति आज्ञायें १९५५–५६ के अन्त तक नहीं प्राप्त हुई थीं, मान लिया गया।

९—गत प्रतिवेदन के पृष्ठ ९ के पैरा ४ में निर्देशित १७ उपाधिकारियों के मामलों पर, जो आयोग के पुनर्विचार के लिये लौटा दिये गये थे, आयोग ने प्रतिवेदनाधीन वर्ष में २७ उपाधिकारियों का साक्षात्कार करने के बाद अपना परामर्श दिया। आयोग का परामर्श यथोचित रूप से स्वीकार किया गया।

१०—अधीनस्थ कृषि सेवा के ग्रूप दो में से ग्रूप एक में पदोन्नति के एक प्रकरण पर विचार करते समय आयोग ने देखा कि संबंधित कर्मचारी अपने किसी दोष के कारण नहीं, बल्कि कृषि संचालक के कार्यालय की असावधानी के कारण पहले पदोन्नत नहीं किया गया था। इसलिये उन्होंने परामर्श दिया कि ज्येष्ठता के मामले में उसकी हानि नहीं होनी चाहिये और जिस कर्मचारी की असावधानी के कारण उसके मामले पर उचित समय पर विचार नहीं किया जा सका, उसके विरुद्ध उपयुक्त कार्यवाही भी की जानी चाहिये। शासन ने परामर्श मान लिया और तदनुसार आदेश जारी किया।

९—अस्थायी नियुक्तियों का नियमितकरण

५६१ अभ्यर्थियों की एक वर्ष से अधिक की अथवा एक वर्ष से अधिक होने की सम्भावना वाली अस्थायी नियुक्तियों के नियमितकरण के प्रकरणों को, जो लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियमों, १९५४ के विनियम ५ (क) तथा ६ (ग) के अन्तर्गत निर्देशित किये गये थे, आयोग ने प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निपटाया। इनके विस्तृत विवरण परिशिष्ट ६ में दिये गये हैं।

२—उपरिनिर्देशित ५६१ अभ्यर्थियों में से ४७० अभ्यर्थियों की निरन्तर अस्थायी नियुक्ति को आयोग ने अनुमोदित किया और ४३ की नहीं। परिशिष्ट ६ के अभ्युक्ति–स्तम्भ में जहां कुछ और लिखा है, उसको छोड़कर, जो अनुमोदन दिया गया था, वह अल्पावधि वाले

पदों पर अवधि की समाप्ति तक, अथवा उस समय तक की नियुक्ति के लिये था, जब तक कि पदोन्नति अथवा सीधी भर्ती द्वारा नियमित ढंग से चुने हुये अभ्यर्थी उपलब्ध न हो जायं। शेष ४८ उपाधिकारियों के विषय में स्थिति इस प्रकार थी :--

(१) एक कर्मचारी के संबंध में आयोग ने पूछा कि उसका चुनाव सम्पूर्ण पात्रता-क्षेत्र में से श्रेष्ठता के आधार पर किया गया था कि नहीं और सभी पात्र अभ्यर्थियों की चरित्रावलियों को मांगा। तब शासन ने पद को सीधी भर्त्ती द्वारा चुनाव करके भरने का निश्चय किया और आयोग उससे सहमत हो गये (मद संख्या ३)।

(२) ६ कर्मचारियों के संबंध में आयोग ने सम्बन्धित नियुक्ति प्राधिकारी को परामर्श दिया कि वे दीर्घावधि वाली रिक्तियों में स्थानापन्न पदोन्नति के लिये अभ्यर्थियों का चुनाव करने के हेतु निर्देश नियुक्ति (ख) विभाग कार्यालय ज्ञाप संख्या १५७१/२-बी--५०-५५, दिनांक १५ मई, १९५६ में जारी किये हुये शासकीय आदेशों के अनुसार स्थायी रिक्तियों में पदोन्नति के लिये चुनाव के हेतु निदश के साथ भेजें क्योंकि स्थायी पदोन्नति के लिये निर्देश की भी जल्दी ही सम्भावना थी। (मद संख्या ४२)।

(३) ४ कर्मचारियों के संबंध में आयोग ने कहा कि दो कर्मचारियों का, जो उनसे ज्येष्ठ थे, अवक्रमण करके उनकी नियुक्ति करना न्यायोचित नहीं था। (मद संख्या ४५)।

(४) ३ कर्मचारियों का अवक्रमण, उनसे कनिष्ठ कर्मचारियों द्वारा, न्यायोचित नहीं समझा गया (मद संख्या से ६५ व ४५)।

(५) १३ कर्मचारियों की निरन्तर अस्थायी नियुक्ति के लिये उनकी उपयुक्तता के संबंध में आयोग ने कोई राय नहीं दी, किन्तु यह परामर्श दिया कि पदोन्नति द्वारा या सीधी भर्ती द्वारा नियमित चुनाव किया जाय, जिसमें स्थानापन्न पदाधिकारी भी भाग ले सकते हैं। (मद संख्यायें ८, १०, १८, २२, २३, ८३ और ८४)।

(६) ९ कर्मचारियों के मामलों पर विचार करने की आवश्यकता नहीं समझी गई, क्योंकि उनमें से एक सेवा-निवृत्त हो गया था, एक को आयोग ने संबंधित पद के लिये पहले ही सीधी भर्ती द्वारा चुन लिया था, एक की नियुक्ति की अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं हुई थी, एक का मामला आयोग के विचारक्षेत्र के अन्तर्गत नहीं था और ५ उपाधिकारियों के मामले प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के थे। (मद संख्यायें ४५, ६५, २४, ८२, ८३ और ८५)।

(७) २ कर्मचारियों के मामलों पर विचार नहीं किया जा सका, क्योंकि एक के मामले में अग्रेतर सूचना तथा दूसरे में चरित्रावली मांगी गई थी। (मद संख्यायें ४५ व ७४)।

(८) शेष १० कर्मचारियों के मामले, जिन पर आयोग ने विचार किया था, अवक्रमित कर्मचारियों के थे।

३--ऊपर के पैरा २ (७) में वर्णित २ कर्मचारियों के मामलों के अतिरिक्त ६६ मामले, जिनमें परिशिष्ट ६-अ में वर्णित ६६३ अभ्यर्थी थे, उस परिशिष्ट में दिये हुये कारणों से विचाराधीन वर्ष में निपटाये न जा सके।

४--कई मामलों में यह देखा गया कि एक वर्ष से अधिक अवधि के लिये अस्थायी पदोन्नतियों के नियमितकरण का अनुरोध करते समय यह नहीं लिखा गया था कि सम्बन्धित कर्मचारी ज्येष्ठतम थे या नहीं या उनकी पदोन्नति से किसी ज्येष्ठ कर्मचारी का अवक्रमण हुआ या नहीं, अथवा चुनाव ज्येष्ठता या श्रेष्ठता के आधार पर किया गया। इस प्रकार के सभी मामलों को निपटाने के पूर्व ऐसी सूचना मांगनी पड़ी थी क्योंकि एक वर्ष से अधिक अवधि की अस्थायी पदोन्नति के मामलों में भी आयोग को यह देखना पड़ता है कि बिना पर्याप्त औचित्य

के किसी ज्येष्ठ कर्मचारी का अवक्रमण तो नहीं हुआ है और चुनाव तत्समय प्रवृत्त कसौटी के अनुसार किया गया है या नहीं।

५--वर्ष में अस्थायी नियुक्तियों के नियमितकरण के लिये जिन अभ्यर्थियों के मामलों पर विचार किया गया था, उनकी संख्या अपेक्षाकृत कम थी, जिसका कारण कुछ हद तक यह है कि आयोग ने मई, १९५६ में निर्धारित नवीन प्रक्रिया [जिसका सम्पूर्ण विवरण परिशिष्ट ५(ब) में दिया गया है] के अनुसार स्थायी रिक्तियों में पदोन्नति के लिये चुनाव करते समय अस्थायी तथा स्थानापन्न पदोन्नति के लिये अभ्यर्थियों की एक बड़ी संख्या को अनुमोदित कर दिया था।

६--एक मामले में (परिशिष्ट ६ की मद संख्या १५) पशु पालन आयुक्त ने स्वयं एक विज्ञापन निकाल दिया था और एक विभागीय चुनाव समिति से सीधी भर्ती द्वारा चुनाव करवा लिया था। उनसे कहा गया कि पद आयोग के विचार-क्षेत्र में था, इसलिये उनको ऐसा नहीं करना चाहिये था। किन्तु आयोग ने नियमित चुनाव होने तक अभ्यर्थियों की निरन्तर नियुक्ति को अनुमोदित कर दिया और नियमित चुनाव करने के लिये पद का विज्ञापन फिर से निकाला।

७--एक मामले में (परिशिष्ट ६ की मद संख्या ६२) आयोग ने कृषि अधिकारी/सहायक उपनिवेशन अधिकारी, सरकारी राज्य प्रक्षेत्र, तराई, जिला नैनीताल के पद पर एक अभ्यर्थी की नियुक्ति का अनुमोदन केवल ३१ मार्च, १९५७ तक के लिये किया और सुझाव दिया कि पहले पद के लिये चुनाव करने के सामान्य सिद्धान्त तथा ढंग का निश्चय आयोग के परामर्श से कर लिया जाय ताकि उसके लिये चुनाव विलम्बतम् मार्च, १९५७ के अन्त तक किया जा सके। किन्तु जिस निर्देश के लिये सुझाव दिया गया था वह वर्ष की समाप्ति तक प्राप्त नहीं हुआ था।

८--आयोग ने अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सिंचाई विभाग के वैयक्तिक सहायक (मद संख्या ७१) के पद पर एक व्यक्ति की अग्रेतर निरन्तर नियुक्ति को अनुमोदित नहीं किया, क्योंकि उन्होंने जिस अन्तरकालीन (स्टाप गैप) प्रबन्ध को पहले अनुमोदित किया था, उसको सरकार दो वर्ष से अधिक समय तक चलाती रही और नियमित चुनाव किस ढंग से किया जाय, इसके विषय में कोई निर्णय नहीं किया था।

९--एक विभागीय चुनाव समिति ने बिक्री-कर अधिकारी के पदों पर दीर्घावधि की रिक्तियों में अस्थायी पदोन्नति के लिये १३ सहायक बिक्री-कर अधिकारियों को संस्तुत किया था। जून, १९५४ में इस संस्तुति पर आयोग का परामर्श मांगा गया था। सभी संस्तुत तथा अवक्रमित अभ्यर्थियों की चरित्रावलियों का, जिनकी संख्या कुल ६५ थी, अवलोकन करने के बाद आयोग ने जून, १९५५ में एक उपाधिकारी को पदोन्नति के लिये उपयुक्त नहीं समझा और इसलिये उसको हटा देने की सलाह दी और समिति की शेष संस्तुतियों को स्वीकार कर लिया। शासन ने उन सिफारिशों को नहीं माना और सितम्बर, १९५६ में आयोग से अनुरोध किया कि वे इस बात से सहमत हो जायं कि स्थिति पूर्ववत् बनी रहे। दिसम्बर, १९५६ में आयोग ने उत्तर दिया कि सिविल लिस्ट से उन्हें पता चला है कि उपरिनिर्देशित एक कर्मचारी को लेकर ग्यारह कर्मचारी ऐसे थे, जिनकी निरन्तर स्थानापन्न नियुक्ति आयोग के परामर्श के बिना की गई थी और उनको यह अनियमित मालूम पड़ती थी। उन्होंने परामर्श दिया कि न केवल उनकी जून, १९५५ की सिफारिशों को ही कार्यान्वित किया जाय, बल्कि शेष कर्मचारियों के मामलों को भी नियमितकरण के लिये उनके पास भेजा जाय। किन्तु शासन ने वर्ष की समाप्ति तक आयोग की संस्तुतियों को कार्यरूप में परिणित नहीं किया और दिसम्बर, १९५७ में उन्होंने फिर आयोग से अनुरोध किया कि वे इस बात की अनुमति दें कि तब तक यथास्थिति बनी रहे, जब तक कि नियमित चुनाव द्वारा निर्वाचित अभ्यर्थी उपलब्ध न हो जायं। निर्देश आने पर यह पता चला कि न केवल वह अभ्यर्थी, जिसके विषय में आयोग विभागीय चुनाव समिति की संस्तुतियों से असहमत हुये थे, नहीं हटाया गया था, बल्कि कुछ ऐसे कर्मचारी पदोन्नत नहीं किये

गये थ, जिनकी स्थानापन्न पदोन्नति को आयोग ने समिति की संस्तुतियों से सहमत होते हुये अनुमोदित किया था। आयोग ने इस बात पर अपना असन्तोष प्रकट किया कि जो परामर्श उन्होंने १९५५ में दिया था, उसे किसी प्रकार भी नहीं माना गया।

१०--उन कर्मचारियों की कुल संख्या ५९४ थी, जिनकी नियुक्ति आज्ञाओं को नियुक्ति (ख) विभाग कार्यालय ज्ञाप संख्या २४८६/२-बी--१६४-५५, दिनांक ११ अगस्त, १९५५ में जारी किये गये शासकीय आदेश के अनुसार आयोग के पास वर्ष के अन्तर्गत भेजा गया था। कई नियुक्ति आज्ञाओं के विषय में, जिनके बारे में एक वर्ष के अन्तर्गत और कुछ नहीं सुना गया, अनुस्मारक भजे गये और स्थिति के विषय में पूछताछ की गई।

१०--उत्तर प्रदेश शासन की सेवाओं में या पदों पर विलीनीकृत राज्यों तथा अन्तर-क्षेत्रीय खण्डों के भूतपूर्व कर्मचारियों का विलीनीकरण।

इस वर्ष आयोग ने विलीनीकृत राज्यों तथा अन्तरक्षेत्रीय खण्डों के १० कर्मचारियों के उत्तर प्रदेश की विभिन्न सेवाओं या पदों पर विलीनीकरण के मामलों पर विचार किया। उनका विवरण निम्नलिखित सारिणी में दिया जाता है :--

क्रम-संख्या	विलीनीकृत राज्य अथवा अन्तरक्षेत्रीय खंड का नाम	सेवा या पद, जिसके लिये विचार किया गया	अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
१	२	३	४	५
१	टेहरी-गढ़वाल	ट्रेन्ड ग्रेजुएट ग्रेड में सहायक अध्यापक (हिन्दी)	१	१ अगस्त, १९५६ को साक्षात्कार के बाद अनुमोदित।
२	तदेव	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (राजपत्रित)	१	१७ सितम्बर, १९५६ को अभ्यर्थी का साक्षात्कार करने के बाद आयोग ने उनको अधीनस्थ शिक्षा सेवा (राज-पत्रित) में विलीनीकरण के लिये अनुपयुक्त समझा और परामर्श दिया कि देव सुमन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चम्बा, टेहरी (गढ़वाल) के प्रान्तीयकरण के समय जो वेतन उन्हें मिलता था, उसी प्रारम्भिक वेतन पर ट्रेन्ड ग्रेजुएट ग्रेड में अधीनस्थ शिक्षा सेवा में १२०--३०० रुपय के वेतन-क्रम में उन्हें विलीन किया जाय।
३	रामपुर	पशु चिकित्सा सहायक सर्जन	१	अनुमोदित, क्योंकि आयोग ने पहले जब उनके मामले पर विचार किया था, तब से उन्होंने तीन सन्तोषजनक प्रविष्टियां प्राप्त कर ली थीं।

क्रम-संख्या	विलीनीकृत राज्य अथवा अन्तरक्षत्रीय खंड का नाम	सेवा या पद, जिसके लिये विचार किया गया	अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
१	२	३	४	५
४	चरखारी	पी० एम० एस० प्रथम	१	२ अगस्त, १९५६ को साक्षात्कार के बाद अनुमोदित।
५	बनारस	चकबन्दी अधिकारी	४	१ अगस्त, १९५६ को साक्षात्कार के बाद अनुमोदित।
६	रामपुर	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा	१	आयोग ने उपाधिकारी को विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में विलीनीकरण के लिये उपयुक्त नहीं समझा। उन्होंने परामर्श दिया कि उनको ट्रेन्ड अन्डर ग्रेजुएट ग्रेड में ७५–२०० रुपये के वेतन-क्रम में विलीन किया जाय।
७	बनारस	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (राजपत्रित)	१	यह प्रकरण आयोग के पुनर्विचारार्थ भेजा गया था। आयोग अपने इस पूर्व मत पर दृढ़ रहे कि क्योंकि उपाधिकारी पहले ही ट्रेन्ड ग्रेजुएट ग्रेड में विलीन किया जा चुका था, उसका विलीनीकरण फिर किसी अन्य ग्रेड में नहीं हो सकता। पदोन्नति की निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण किये बिना उसकी नियुक्ति किसी उच्चतर ग्रेड में नहीं की जा सकती।
		योग ...	१०	

२—चरखारी राज्य के एक ओवरसियर का मामला, जो वर्ष के दरम्यान आयोग के पास भेजा गया था, वर्ष की समाप्ति तक निपटाया न जा सका, क्योंकि कुछ पत्रों की कमी थी और उन्हें मंगवाना पड़ा था।

११—स्थानान्तरण द्वारा भर्ती

वर्ष में स्थानान्तरण द्वारा चुनाव के निम्नलिखित तीन मामलों में आयोग से परामर्श लिया गया :

(१) एक अधिकारी का उत्तर प्रदेश कृषि सेवा, कनिष्ठ वेतन–क्रम में सेक्शन 'सी' से सेक्शन 'बी' में स्थानान्तरण।

(२) एक अधिकारी का चिकित्सा विभाग से गृह विभाग (कारागार) में स्थानान्तरण।

(३) मुख्य अभियन्ता, सिंचाई विभाग के कार्यालय के एक आशुलिपिक का सार्वजनिक निर्माण विभाग सचिवालय में आशुलिपिक के पद पर स्थानान्तरण।

आयोग ने प्रथम दो मामलों में प्रस्तावित स्थानान्तरणों को अनुमोदित किया, किन्तु तीसरे मामले में उन्होंने परामर्श दिया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग सचिवालय में आशुलिपिक के पद को प्रतियोगितात्मक परीक्षा के परीक्षा–फल पर भरा जाय।

१२—पुष्टिकरण

इस वर्ष आयोग को शासन के नियुक्ति विभाग द्वारा जारी किये गये ज्ञाप संख्या २९४९/२-बी—१००–५३, दिनांक १० दिसम्बर, १९५३ के अनुसार पुष्टिकरण के लिये १६३ कर्मचारियों (जिसमें गत वर्ष के भी कुछ शामिल हैं) की उपयुक्तता का मूल्यांकन करने के लिये उनके मामलों पर विचार करना पड़ा। इनका विवरण परिशिष्ट ७ में दिया गया है।

२—(परिशिष्ट ७ में मद संख्याओं ३८ से ५१, ५३ तथा ५४ के सामने दिखलाये गये) ५८ कर्मचारियों के बारे में १६ मामले वर्ष के अन्त तक निबटाये न जा सके थे, क्योंकि या तो वे वर्ष की समाप्ति के समय प्राप्त हुये थे या कुछ सूचना मांगनी पड़ी थी। मद संख्या ११ में निर्देशित अधिकारियों में से एक का मामला भी उसकी अद्यावधिक चरित्रावली के अभाव में वर्ष में निबटाया नहीं गया। शेष १०४ कर्मचारियों के मामलों को आयोग ने वर्ष में निबटाया।

३—१०४ कर्मचारियों में से, ३१ पुष्टिकरण के लिये तथा ५ परीक्षण–काल पर स्थायी नियुक्ति के लिये अनुमोदित किये गय। आयोग ने ७ कर्मचारियों को पुष्टिकरण के लिये अनुमोदित नहीं किया, १४ की सेवाओं को समाप्त करन के लिये तथा १ अधिकारी को २ वर्ष तक के अग्रेतर परीक्षण के लिये संस्तुत किया। शेष ४६ के मामलों का विवरण नीचे पैरा ४ से १० में दिया गया है।

४—दो अधिकारी स्थायी नियुक्ति के लिये अनुमोदित नहीं किये जा सके थे, क्योंकि चकबन्दी अधिकारी के वे पद, जिन पर उनको स्थायी रूप से नियुक्त करने का प्रस्ताव किया था, अस्थायी थे।

५—(मद संख्याओं २० से २३ के सामने दिखलाये गये) १० कर्मचारियों के विषय में आयोग ने कहा कि अस्थायी पदों (जो बाद में स्थायी कर दिये गये थे) पर नियुक्तियां आयोग द्वारा नियमित चुनाव के फलस्वरूप नहीं की गई थीं। अतः वे स्थायी पदों के लिये उनके अस्थायी पदधारियों में से चुनाव करने के हेतु सहमत नहीं हुये और सुझाव दिया कि सब से पहले पद पर चुनाव करने का ढंग आयोग के परामर्श से तय कर लेना चाहिये। वर्ष की समाप्ति के समय चुनाव के ढंग के विषय में लिखा–पढ़ी हो रही थी।

६—मद संख्या ३२ में वर्णित ४ लेखा अधिकारियों में से एक के मामले पर, स्थायी रिक्ति के अभाव के कारण, विचार नहीं किया गया।

७—एक कर्मचारी (मद संख्या ३३), जिसको शासन ने मार्च, १९५७ में पुष्टिकृत करने का प्रस्ताव किया था, अप्रैल, १९५७ में मर गया। अतः आयोग ने उस पद के लिये एक आलेख्य विज्ञापन मांगा।

८--तीन कर्मचारियों (मद संख्या ५२) के विषय में आयोग ने परामर्श दिया कि पदों के अस्थायी पदधारियों को स्थायी करने के प्रश्न को उठाने के पूर्व उनके परामर्श से उन पदों के लिये वांछित अर्हताओं को निश्चित करना आवश्यक है।

९--एक मामले (मद संख्या ३४) में आयोग ने परामर्श दिया कि स्थायी पद का विज्ञापन निकाला जाय। किन्तु शासन सहमत नहीं हुये, क्योंकि (१) ऐसे पदों के लिये अभ्यर्थियों का अभाव था और (२) जिन दो प्रविष्टियों के आधार पर सम्बन्धित कर्मचारी पुष्टिकरण का अधिकारी नहीं समझा गया था, वे गम्भीर नहीं समझी गई थीं और उसको सूचित नहीं की गई थीं। शासन ने आयोग से मामले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। पुनर्विचार के पश्चात् भी आयोग अपने पूर्वमत पर दृढ़ रहे कि स्थायी पद का विज्ञापन निकाला जाना चाहिये, क्योंकि स्थायी पद के लिये अस्थायी पद की अपेक्षा योग्यतर अभ्यर्थी आकर्षित होते हैं। किन्तु शासन सहमत न हुये और अस्थायी पद के पदधारी को स्थायी पद पर पुष्टित कर दिया।

१०--(परिशिष्ट की मद संख्याओं २४, २५, २७, २९ तथा ३० में शामिल) २८ कर्मचारियों के मामले आयोग के पुनर्विचारार्थ फिर से निर्देशित किये गये थे। पुनर्विचार के बाद और जब पिछली बार सम्बन्धित कर्मचारियों पर विचार किया गया था तब से जो प्रविष्टियां उन्हें मिली थीं, उन पर विचार करते हुये, आयोग एक कर्मचारी के पुष्टिकरण से और १९ कर्मचारियों के अग्रेतर परीक्षण (ट्रायल) से सहमत हुये। ५ कर्मचारी प्रतिधारण (रिटेन्शन) के लिये भी अनुपयुक्त समझे गये और शासन को परामर्श दिया गया कि उनकी सेवायें समाप्त कर दी जायं। शेष तीन कर्मचारियों के विषय में आयोग इस मत पर दृढ़ रहे कि उनके द्वारा धारित पदों को या तो प्रतियोगितात्मक परीक्षा के परीक्षाफल के अनुसार या विज्ञापन, साक्षात्कार इत्यादि के बाद भरा जाना चाहिये।

११--आयोग ने १९४८ में एक अधिकारी को कंसीलियेशन अफसर के एक अस्थायी पद पर नियुक्ति के लिये चुना था। १९५३ में आयोग से अनुरोध किया गया कि वे २९ मार्च, १९५२ में स्थायीकृत एक पद पर उस अधिकारी के पुष्टिकरण के लिये उसकी उपयुक्ता के बारे में अपना परामर्श दें। जुलाई १९५३ में आयोग ने परामर्श दिया कि सम्बन्धित अधिकारी की प्रगति धीमी और सबाध (हाल्टिंग) रही और उसका पुष्टिकरण तब तक न होना चाहिये जब तक कि वह और अच्छी प्रविष्टियां न प्राप्त कर ले। अक्तूबर १९५३ में शासन ने आदेश दिया कि उसे २९ मार्च १९५२ से परीक्षण-काल पर रख दिया जाय और उसके काम की देखरेख की जाय, जिसकी रिपोर्ट उनके पास भेजी जाय। दिसम्बर १९५४ में शासन ने उसके परीक्षण-काल की अवधि में एक वर्ष की वृद्धि कर दी, क्योंकि उसका काम असन्तोषजनक था। जुलाई, १९५५ में शासन ने २९ मार्च १९५५ से उसको पुष्टिकृत करने का प्रस्ताव इस आधार पर किया कि अधिकारी के बारे में यह रिपोर्ट मिली थी कि परीक्षणकाल की विस्तारित अवधि में उसने अपने कार्य में पर्याप्त उन्नति दिखलाई थी। सितम्बर १९५५ में आयोग ने परामर्श दिया कि जब से उसकी नियुक्ति हुई तभी से उसको प्रतिकूल प्रविष्टियां मिलती रहीं, जिसके कारण उसका पुष्टिकरण उचित नहीं था। अतः उन्होंने परामर्श दिया कि स्थायी पद का विज्ञापन निकाला जाय और उसके लिये नियमित चुनाव किया जाय, जिसमें सम्बन्धित पदाधिकारी चाहे तो और लोगों के साथ चुनाव में भाग ले सकता है। जनवरी १९५६ में शासन ने अपने पूर्व मत की पुष्टि की कि अपने सम्पूर्ण सेवा-अभिलेखों के आधार पर वह पुष्टिकरण के लिये उपयुक्त था। आयोग ने इस विषय पर पुनर्विचार किया, लेकिन वे इसी निष्कर्ष पर पहुंचे कि अपनी चरित्रावली की प्रविष्टियों के आधार पर वह पुष्टिकरण के लिये उपयक्त नहीं था और वे अपने पूर्व अभिव्यक्त मत पर दृढ़ रहे कि पद को स्थायी बताते हुये विज्ञापन निकाला जाय और उसके लिये नियमित चुनाव किया जाय, जिसमें सम्बन्धित कर्मचारी चाहे तो और लोगों के साथ चुनाव में भाग ले सकता है। पर शासन सहमत न हुये और उन्होंने नवम्बर १९५६ में उसको राज्य श्रम सेवा, क्लास दो, में कंसीलियेशन अफसर के पद पर २९ मार्च, १९५५ से पुष्टित कर दिया।

१३—अपील तथा आनुशासिक कार्यवाही के मामले

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आयोग से परामर्श के लिये ३३ अपील या प्रतिनिवेदन और १२ मौलिक आनुशासिक कार्यवाही के मामलों का निर्देश उनको किया गया। इनमें से १८ मामले निबटाये न जा सके, क्योंकि या तो वे वर्ष की अन्तिम अवस्था में प्राप्त हुये थे या आयोग को शासन से कुछ कागज-पत्र अथवा सूचना मांगनी पड़ी थी। आयोग ने शेष सभी २७ मामलों में अपना परामर्श दिया। २४ मामलों में शासन ने आयोग का परामर्श मान लिया और शेष ३ मामलों में वर्ष के अन्त तक शासनादेश प्राप्त नहीं हुये थे।

२—१९५५-५६ के सभी २० मामले, जिनमें निर्णय न हो सका था, आयोग द्वारा इस वर्ष निबटाये गये। १९ मामलों में आयोग का परामर्श मान लिया गया और १ मामले में वर्ष के अन्त तक शासनादेश प्राप्त नहीं हुआ था।

३—१९५५-५६ के ५ मामले ऐसे थे, जिनमें शासनादेशों की प्रतीक्षा थी। उनमें से चार मामलों में आयोग का परामर्श मान लिया गया और १ मामले में नहीं माना गया, जिसका उल्लेख नीचे पैरा ५ में किया गया है।

४—१९५४-५५ के एक मामले में, जिसमें शासनादेशों की प्रतीक्षा थी (देखिये १९५५-५६ की रिपोर्ट के पृष्ठ १७ का पैरा ३), आयोग का परामर्श मान लिया गया।

५—पशुपालन विभाग के एक कर्मचारी के मामले में, जो भारत सरकार के खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में कैटिल-कम-डेयरी फार्म, करनाल के अधीक्षक के पद पर प्रतिनिधायन पर रहते हुये दुग्ध-चूर्ण के क्रय-व्यवहार के संबंध में घोर कुप्रबन्ध का दोषी ठहराया गया था, आयोग ने देखा कि यद्यपि जांच अधिकारी ने सम्बन्धित कर्मचारी को बेईमान नहीं पाया था, फिर भी यह स्पष्ट था कि उसने घोरतम असावधानी की थी जिसके फलस्वरूप राज्य-निधि को हानि उठानी पड़ी। आयोग ने परामर्श दिया कि या तो कर्मचारी से यह पूछा जाय कि वह कारण बताये कि उसके कारण जो हानि हुई उसकी पूर्ति उससे क्यों न कराई जाय या विकल्प में एक वर्ष के लिये उसकी वेतन-वृद्धि रोक ली जाय, जो उसके भावी वेतन-वृद्धियों को स्थगित करने के लिये प्रभावी हो। शासन ने मामला पर पुनर्विचार करने के लिये उसे आयोग के पास फिर से भेजा, क्योंकि भारत सरकार ने केवल ६ मास के लिये वेतन-वृद्धि को रोकने का प्रस्ताव किया था और उत्तर प्रदेश सरकार यह वांछनीय नहीं समझती थी कि दण्ड में वृद्धि की जाय, क्योंकि सम्बन्धित कर्मचारी में बेईमानी की कोई भावना नहीं पाई गई थी। आयोग ने मामला पर पुनर्विचार किया और यह संकेत किया कि यदि बेईमानी सिद्ध हो गई होती तो पदच्युति का दण्ड दिया जाता, न कि केवल धनराशि के प्रत्यादान और/या एक वर्ष के लिये वेतन-वृद्धि को बन्द करने का और यह कि आयोग द्वारा संस्तुत दण्ड केवल उस घोरतम असावधानी के लिये था, जिसके कारण शासन को १,००० रुपये से अधिक की हानि उठानी पड़ी। अतः आयोग अपने पूर्व मत पर दृढ़ रहे। पर शासन ने भारत सरकार द्वारा संस्तुत कम दण्ड दिया।

१४—असाधारण पेंशन तथा उपदान

इस वर्ष असाधारण पेंशन तथा/अथवा उपदान की मांग के १७ मामले, जिनका वर्णन परिशिष्ट ८ में किया गया है, आयोग के परामर्श के लिये निर्देशित किये गये थे। इनमें से १५ पुलिस विभाग के और एक-एक वन विभाग तथा शिक्षा विभाग के थे। आयोग ने इनमें से १६ मामलों में तथा १९५५-५६ के शेष ५ मामलों में भी अपना परामर्श दिया। आयोग का परामर्श २० मामलों में मान लिया गया और एक में नहीं। एक मामला जो ३० मार्च, १९५७ को प्राप्त हुआ था, निबटाया नहीं गया।

२—१९५५-५६ के एक मामला में शासनादेश उस वर्ष के अन्त तक नहीं प्राप्त हुआ था। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में यह मामला आयोग के पुनर्विचारार्थ फिर से निर्देशित किया गया। तत्पश्चात् आयोग ने कुछ सूचना मांगी जो वर्ष के अन्दर नहीं प्राप्त हुई थी।

३--१९५४-५५ का एक मामला था जो १९५५-५६ में आयोग के पुनर्विचारार्थ फिर से निर्देशित किया गया था, प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निबटाया गया और आयोग का परामर्श मान लिया गया।

४--१९५३-५४ के दो मामलों में शासनादेशों की प्रतीक्षा थी। उनमें से एक मामले में आयोग का परामर्श मान लिया गया और दूसरे मामले में आयोग ने पुनर्विचार के पश्चात् शासन के विचारों को मान लिया।

१५--वैध व्ययों के प्रत्यर्पण के लिये दावे

इस वर्ष सरकारी कर्मचारियों द्वारा अपनी रक्षा के हेतु किये गये वैध व्ययों के प्रत्यर्पण के पांच मामले आयोग के परामर्श के लिये उनको निर्देशित किये गये थे, जिनका विवरण परिशिष्ट ९ में दिया गया है। आयोग ने इनमें से ३ मामलों में तथा १९५५-५६ के शेष दो मामलों में भी अपना परामर्श दिया। उनका परामर्श पांचों मामलों में मान लिया गया। एक मामले में, जिसको भूमि व्यवस्था आयुक्त ने आयोग को निर्देशित किया था, यह देखा गया कि उसमें अन्तिम आज्ञा शासकीय आदेशों की पुस्तिका के परिशिष्ट ७ के पैरा ७ के अनुसार शासन को देनी थी। इसलिये कागज-पत्र भूमि व्यवस्था आयुक्त को शासन को प्रस्तुत करने के लिये लौटा दिये गये। दूसरा विषय जो वर्ष के अन्त में प्राप्त हुआ था नहीं निबटाया गया।

१६--सेवाओं तथा पदों के लिये नियम

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में ४८ ऐसे मामले थे जिनका सम्बन्ध विविध सेवाओं तथा पदों पर भर्ती संबंधी नियमों तथा/अथवा नियुक्ति के लिये व्यक्तियों की सेवा की शर्तों के संबंध में था। आयोग ने इनका परीक्षण करके अपनी आलोचनायें कीं या प्रस्तावित संशोधनों पर सलाह दी अथवा स्वयं संशोधनों के लिये सुझाव दिये। इन सब मामलों का वर्णन परिशिष्ट १० में दिया गया है।

२--निम्नलिखित नियमावलियां या नियमों के संशोधन, जिनके आलेख्यों पर आयोग पहले अपनी आलोचनायें भेज चुके थे, प्रतिवेदनाधीन वर्ष में अन्तिम रूप से बने :

(१) उत्तर प्रदेश कृषि सेवा, क्लास दो, नियमावली के नियम १६ के खंड १ का संशोधन (१० वर्ष की निर्धारित सेवा की शर्त को, सेवा में पदोन्नति के लिये, शिथिल करने के लिये आयोग के परामर्श से एक उपबन्ध की व्यवस्था करने के संबंध में†)।

(२) सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली*।

(३) सिंचाई विभाग में ओवरसियर**।

(४) उत्तर प्रदेश लेखा सेवा नियमावली, १९४२ के नियम २२ का संशोधन (सेवा के वेतनक्रम में पंचवर्षीय दक्षता-रोक लागू करने के संबंध में)=।

(५) उत्तर प्रदेश आर्थिक बोध सेवा नियमावली+।

---

† देखिये विज्ञप्ति संख्या १८११/१२-बी--४१०-५४, दिनांक १० मई, १९५६।
*देखिये विज्ञप्ति संख्या २३६७/२-बी--११८-५४, दिनांक २१ जुलाई, १९५६।
**देखिये विज्ञप्ति संख्या २८९१/२३-ए--२९६-बी-४९, दिनांक ८ नवम्बर, १९५६।
=देखिये विज्ञप्ति संख्या एस-४६७०/१०--२-४९, दिनांक २७ नवम्बर, १९५६।
+देखिये विज्ञप्ति संख्या २४३२/२८-जी--९०-४३, दिनांक १० जनवरी, १९५७।

यह नोट करना आवश्यक है कि मद संख्या (५) में वर्णित नियमावली के आलेख्य पर आयोग की आलोचनायें मार्च १९४९ में ही शासन को भेजी जा चुकी थीं।

३--सितम्बर, १९५४ में सहायक निर्वाचन अधिकारी की सेवा नियमावली (अब सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी की सेवा नियमावली के नाम से विख्यात) का एक आलेख्य आयोग के आलोचनार्थ उनको भेजा गया था। आयोग ने आलेख्य का परीक्षण किया और उस पर अपनी आलोचनाएं शासन को जनवरी १९५५ में भेज दीं। शासन ने जनवरी १९५६ में नियमावली को अंतिम रूप दे दिया, ४ फरवरी, १९५६ के राजपत्र में उसको विज्ञापित किया और सदा की भांति उसकी एक प्रतिलिपि आयोग के सूचनार्थ उनको भेजी। आयोग ने देखा कि शासन ने नियमावली को अन्तिम रूप देते समय उसमें अनेक परिवर्तन कर दिये थे। कुछ परिवर्तन तो छोटे और अहानिकर थे, पर कुछ अन्य, जैसे पद के लिये चुनाव करने के हेतु निर्धारित आयु तथा शैक्षिक अर्हताओं सम्बन्धी नियम, महत्वपूर्ण थे। आयोग ने संकेत किया कि बाद वाले परिवर्तनों को, बिना आयोग से अग्रेतर परामर्श किये, न करना चाहिये था और यह पूछा कि किन परिस्थितियों में वे परिवर्तन बिना उनसे परामर्श किये कर दिये गये थे। शासन ने उत्तर दिया कि आयोग का परामर्श लेना आवश्यक नहीं था, क्योंकि परिवर्तनों से अभ्यर्थियों के विस्तृत क्षेत्र में से उचित चुनाव करने में आयोग तथा शासन के विवेक-क्षेत्र में वृद्धि, न कि कमी, हुई थी और उनके कारण आयोग के परामर्श से निश्चित सिद्धान्त से कहीं विचलित नहीं होना पड़ा था। दोनों परिवर्तन ये थे :--

(१) नियम ६ में शासन ने ४५ वर्ष के स्थान पर ४८ वर्ष की अधिकतम आयु-सीमा को रख दिया था, और

(२) नियम ७ में शासन ने 'दि डिग्री आफ बैचलर आफ लाज़' को एक अधिमान्य अर्हता के रूप में रख दिया था, जब कि आयोग द्वारा स्वीकृत आलेख्य में इसे अनिवार्य अर्हता के रूप में निर्धारित किया गया था।

आयोग ने उत्तर दिया कि शासन द्वारा किये गये परिवर्तन महत्वपूर्ण ही नहीं थे, बल्कि उनमें चुनाव के महत्वपूर्ण सिद्धान्त भी निहित थे और शासन का यह विचार कि आयोग द्वारा पूर्व स्वीकृत दोनों नियमों में निहित सिद्धान्तों से वे किसी प्रकार विचलित नहीं हुये थे, ठीक नहीं था। "चुनाव में आयु का एक महत्वपूर्ण स्थान होता है, क्योंकि इसमें कुछ कार्य सम्पादन के लिये वांछित मानसिक एवं शारीरिक शक्ति का प्रश्न निहित रहता है।" और यह विचार कि आयु किसी कार्य विशेष के लिये शारीरिक एवं मानसिक शक्ति का नियामक और सुनिश्चायक होता है, अलग कर दिया जाय, तो भी पात्रता-क्षेत्र का विस्तार करने में ही सिद्धान्त का प्रश्न खड़ा हो जाता है। इसी प्रकार, शैक्षिक अर्हता का निश्चय करने में भी निर्वाचन का एक महत्वपूर्ण सिद्धान्त निहित है। जब किसी पद के लिये विधि का ज्ञान आवश्यक होता है, तो उस पद के लिये चुनाव करने के हेतु 'ला डिग्री' का होना आवश्यक समझा जाता है और उस पर बल दिया जाता है। इसमें और 'ला डिग्री' को अधिमान्य अर्हता मात्र कर देने में बिलकुल अन्तर है। बहरहाल आयोग शासन के इस विचार से कि उन परिवर्तनों को करने के पूर्व उनका परामर्श लेना आवश्यक नहीं था, सहमत न हो सके।

४--२१ जनवरी १९५७ को शासन ने विज्ञप्ति संख्या ४८०२/२-बी--११८-५४ जारी किया, जिसमें निम्नलिखित सामान्य नियम था :--

"कोई व्यक्ति जिसके एक से अधिक जीवित पत्नियां होंगी, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र न होगा।

परन्तु यदि राज्यपाल को यह सन्तोष हो जाय कि ऐसा करने के लिये विशेष कारण हैं, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से मुक्ति प्रदान कर सकता है।"

उपर्युक्त नियम के प्रवर्तन से अपनी सहमति प्रकट करते हुये, आयोग ने यह परामर्श दिया था कि राज्यपाल को आयोग के विचार-क्षेत्र के अन्तर्गत सेवाओं और पदों पर चुनाव करने के लिये उस नियम के उपबन्ध से मुक्ति आयोग के परामर्श से देनी चाहिये और यह सुझाव दिया था कि इस बात को स्पष्ट करने के लिये उपबन्ध में समुचित संशोधन कर देना चाहिये। ऐसे मामलों में भारत सरकार संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श नहीं करती। उनकी इस प्रथा का अनुसरण करते हुये शासन ने आयोग के सुझाव को स्वीकार नहीं किया। आयोग ने बतलाया कि भारत सरकार ऐसे मामलों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श नहीं करती, इस तथ्य में अधिकार का बल होगा, न कि विधि का। आयोग के विचार से सामान्य नियम से मुक्ति प्रदान करने के मामले में भारतीय संविधान के अनुच्छेद ३२१ (३) (ख) के अन्तर्गत आयोग से परामर्श करना अनिवार्य था।

१७--कृत्यों का परिसीमन सम्बन्धी विनियम

प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निम्नलिखित पद आयोग के विचार-क्षेत्र में लाये गये*:--

(१) जिओलाजी और माइनिंग के अवैतनिक संचालक के अधीन टेक्निकल सहायक। (१८ अप्रैल, १९५६)।

(२) सार्वजनिक निर्माण विभाग में कनिष्ठ सहायक रसायनज्ञ। (२७ जून, १९५६)।

(३) सिंचाई विभाग के कृषि अभियन्त्रण उपविभाग में ओवरसियर। (११ जुलाई, १९५६)।

(४) सिंचाई विभाग में यांत्रिक निरीक्षक, ड्रिलर, वेल्डर, ट्रैक्टर मेकेनिक, चार्जमैन, सहायक फोरमैन, सीनियर इलेक्ट्रीशियन और पैटर्न मेकर। (११ जुलाई, १९५६)।

(५) बन्धक, उत्तर प्रदेश कारागार डिपो (जब कभी पद पुनर्जीवित किया जाय)। (१२ जुलाई, १९५६)।

(६) कारागार लेखा-परीक्षक। (१२ जुलाई, १९५६)।

(७) विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश के कार्यालय में अधीक्षक। (२५ जुलाई, १९५६)।

(८) संचालक, प्लानिंग रिसर्च और ऐक्शन इंस्टीट्यूट, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय में राजपत्रित अधीक्षक-सहित-पुस्तकाध्यक्ष। (२५ जुलाई, १९५६)।

(९) अनुसंधान पर्यवेक्षक, सिंचाई विभाग। (१९ सितम्बर, १९५६)।

(१०) वर्कशाप सुपरवाइजर एवं स्टोरकीपर, सिंचाई विभाग। (१९ सितम्बर, १९५६)।

(११) टेस्ट और कन्ट्रोल सुपरवाइजर्स, सिंचाई विभाग। (१९ सितम्बर, १९५६)।

(१२) वैज्ञानिक सहायक, सिंचाई विभाग। (१९ सितम्बर, १९५६)।

(१३) फोरमैन, सिंचाई विभाग। (१९ सितम्बर, १९५६)।

(१४) मेकैनिक, सिंचाई विभाग। (१९ सितम्बर, १९५६)।

---

*जिस शासनादेश से पद आयोग के विचार-क्षेत्र में रखे गये, उसकी तिथि प्रत्येक पद के सामने कोष्ठक में अंकित है।

(१५) श्रम विभाग में औद्योगिक गृह योजना के लिये **ओवरसियर**। (२३ फरवरी, १९५७)।

(१६) बिजली-घर अधीक्षक। (कृषि विभाग)।

(१७) हेड मिस्त्री ,, †

(१८) लाइन इन्सपेक्टर ,, †

(१९) फोरमैन (पम्प्स) ,, †

२—२० अगस्त, १९५६ को शासन के नियुक्ति (ख) विभाग में शासन ने शासनादेश संख्या २४२८/२-बी—१७८-५४ जारी किया, जिसमें उन्होंने आयोग के इस सुझाव को मान लिया कि किसी सरकारी नौकर द्वारा अपनी रक्षा के हेतु किये गये व्ययों के प्रत्यर्पण के दावों के उन मामलों में भी आयोग से परामर्श करना चाहिये, जिनमें "अपने कर्त्तव्यों (ड्यूटीज) के सम्पादन में कृत अथवा कर्तुमभिप्रेत कार्यों" से किसी प्रकरण का सीधा या स्पष्ट सम्बन्ध न रहा हो।

३—२००-३०० रु० के वेतन-क्रम में असिस्टेंट ट्रेड यूनियन्स इन्सपेक्टर के ३ पदों के सृजित किये जाने की सूचना पाने पर आयोग ने शासन को लिखा कि वे पद महत्वपूर्ण हैं, अतः उन्हें आयोग के विचार-क्षेत्र में रख दिया जाय।

४—प्रतिवेदनाधीन वर्ष में आयोग इस बात से सहमत हुये कि निम्नलिखित पद उनके विचार-क्षेत्र में रखे जायं:—

(१) उपर्युक्त पैरा १ में मद संख्याओं (२) और (७) से (१४) के सामने दिखलाये गये पद।

(२) पंचायत राज संचालकालय में पत्रकार का पद।

(३) समाज कल्याण संचालक, उत्तर प्रदेश के अधीन, बालवारी प्रशिक्षण केन्द्र के अधीक्षक, महिला कल्याण योजना के जिला संघटक और टेक्निकल सहायक।

१८—विविध निर्देश

सेवा-निवृत्त अधिकारियों की पुनर्नियुक्ति, शासन के अधीन विभिन्न सेवाओं और पदों पर चुनाव के लिये डिग्रियों और डिप्लोमाओं की मान्यता, ज्येष्ठता-निर्धारण आदि से संबंधित ६९ अपेक्षाकृत अधिक महत्वपूर्ण विविध निर्देशों की एक सूची परिशिष्ट ११ में दी गई है।

२—जिन अर्हताओं के विषय में आयोग से १९५६-५७ में या पूर्व वर्षों में परामर्श किया गया था, उनमें से निम्नलिखित अर्हतायें प्रतिवेदनाधीन वर्ष में प्रत्येक के सामने अंकित कार्यों के लिये स्वीकार कर ली गई:—

क्रम-संख्या	तिथि जब मान्यता के आदेश जारी किये गये	अर्हता	कार्य जिसके लिये मान्यता दी गई
१	१२-७-१९५६	केन्द्रीय या भाग 'क' या भाग 'ख' राज्य, विधान मंडल के किसी अधिनियम द्वारा समाविष्ट विश्व-विद्यालयों द्वारा प्रदत्त सभी इंजीनियरिंग डिग्रियां और डिप्लोमें	सार्वजनिक निर्माण विभाग (भवन व सड़क), उत्तर प्रदेश में अभियन्त्रण सेवाओं में चुनाव के लिये।

†शासन ने यह भी आदेश दिया कि ये पद अधीनस्थ कृषि सेवा के संवर्ग में अस्थायी रूप से जोड़े गये समझे जायेंगे।

क्रम-संख्या	तिथि जब मान्यता के आदेश जारी किये गये	अर्हता	कार्य, जिसके लिये मान्यता दी गई
२	२६-१२-१९५६	केन्द्रीय या भाग 'क' या भाग 'ख' राज्य, विधान मंडल के किसी अधिनियम द्वारा समाविष्ट विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त सभी इंजीनियरिंग डिग्रियां और डिप्लोमें	स्थानीय स्वशासन अभियन्त्रण विभाग में उत्तर प्रदेश अभियन्ताओं की सेवा में चुनाव के लिये।
३	१-८-१९५६	काशी विद्यापीठ, काशी वाराणसी की मास्टर आफ अप्लाइड सोशियोलाजी (एम० ए० एस०)	कारागार विभाग के निम्नलिखित पदों के लिये सीधी भर्ती द्वारा चुनाव करने के हेतु अधिमान्य अर्हता के रूप में :--
४	१-८-१९५६	टाटा इन्स्टीटयूट, बम्बई का डिप्लोमा इन सोशल सर्विस एडमिनिस्ट्रेशन।	(१) अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार। (२) पूर्णकालिक अधीक्षक, जिला कारागार। (३) प्रधानाध्यापक, कारागार प्रशिक्षण विद्यालय, लखनऊ। (४) पूर्णकालिक व्याख्याता, कारागार प्रशिक्षण विद्यालय, लखनऊ। (५) उप जेलर।
५	२५-८-१९५६	जे० के० इन्स्टीटयूट आफ सोशियोलाजी एन्ड ह्यूमन रिलेशंस, लखनऊ विश्वविद्यालय की सोशल वर्क में मास्टर्स डिग्री।	मुख्य प्रोबेशन अफसर तथा प्रोबेशन अफसर के पदों के लिये चुनाव करने के हेतु अधिमान्य अर्हता के रूप में।
६	२०-८-१९५६	इंडियन इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलाजी, खड़गपुर द्वारा प्रदत्त बी० टेक० इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग।	उत्तर प्रदेश अभियन्ताओं की सेवा (जल विद्युत शाखा) के लिये चुनाव करने के हेतु।
७	१-११-१९५६	इंडियन इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलाजी, खड़गपुर द्वारा प्रदत्त बी० टेक० इन सिविल इंजीनियरिंग।	उत्तर प्रदेश अभियन्ताओं की सेवा (कनिष्ट वेतन-क्रम) सार्वजनिक निर्माण विभाग के लिये चुनाव करने के हेतु।
८	१०-१-१९५७	तदेव .	सिंचाई विभाग में सहायक अभियन्ता के पदों के लिये चुनाव करने के हेतु।

क्रम-संख्या	तिथि जब मान्यता के आदेश जारी किये गये	अर्हता	कार्य जिसके लिये मान्यता दी गई
९	१०-१-१९५७	इंडियन इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलाजी, खड़गपुर द्वारा प्रदत्त बी० टेक० इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग	सिंचाई विभाग में सहायक यान्त्रिक अभियन्ता के पद के लिये चुनाव करने के हेतु।
१०	२१-३-१९५७	इंडियन इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलाजी, खड़गपुर द्वारा प्रदत्त बी० टेक० इन सिविल मैकेनिकल एण्ड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग	उद्योग विभाग में उत्कृष्ट (सुपीरियर) अभियन्त्रण तथा अन्य सम्बद्ध सेवाओं के लिये चुनाव करने के हेतु।
११	६-६-१९५६	असोशियेटशिप आफ दि यूनीवर्सिटी आफ लंदन इन्स्टीटयूट आफ एजूकेशन	उत्तर प्रदेश शासन के अधीन नौकरी के लिये किसी भारतीय विश्वविद्यालय की एम० एड० डिग्री के बदले में या उसकी वैकल्पिक अर्हता के रूप में "सभी व्यावहारिक प्रयोजनार्थ" स्वीकार की जायगी। ["किन्तु किसी भारतीय विश्वविद्यालय की उस डिग्री अथवा 'शिक्षा' में उससे छोटी डिग्री अथवा लंदन विश्वविद्यालय की एम० ए० (शिक्षा) डिग्री के सचमुच बराबर वह नहीं मानी जा सकती।"]।

३--उत्तर प्रदेश उद्योग संचालकालय न एक निर्देश करके आयोग से पूछा कि यदि आयोग द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी भिन्न भिन्न तिथियों में कार्यभार ग्रहण करें, तो उनकी ज्येष्ठता कार्यभार ग्रहण करने की तिथि के अनुसार या जिस क्रम में आयोग ने उनके नाम भेजे हैं उस क्रम में निश्चित की जानी चाहिये। इसके उत्तर में आयोग ने कहा कि यदि किसी अभ्यर्थी ने पद का कार्यभार ग्रहण करने में अनावश्यक विलम्ब न किया हो, तो उसकी ज्येष्ठता का निश्चय आयोग के संस्तुति-पत्र में निर्धारित क्रम के अनुसार किया जाना चाहिये। उद्योग संचालक के फिर पूछने पर कि किसी पद का कार्यभार ग्रहण करने की वह अधिकतम अवधि क्या है, जिससे ज्येष्ठता पर प्रभाव न पड़े, आयोग ने उत्तर दिया कि एक अभ्यर्थी को जो पद दिया जाय उसका कार्यभार ग्रहण करने के लिये उसे सदैव यथोचित अवसर प्रदान करना चाहिये, क्योंकि ऐसे पर्याप्त कारण और औचित्यपूर्ण परिस्थितियां हो सकती हैं, जिनसे विवश होकर वह निर्धारित समय में पद का कार्यभार ग्रहण करने में असमर्थ हो। यदि कोई अभ्यर्थी अन्ततोगत्वा पद का कार्यभार ग्रहण कर लेता है, तो यह स्पष्ट है कि वह कार्यभार ग्रहण करना चाहता था, पर कुछ परिस्थितियां, जिन पर उसका वश नहीं था, ऐसा करने से उसे रोकती थीं। इसलिये नियुक्ति आज्ञा को जारी कर देना और यदि वह अपने कनिष्ठों के कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व पद का

कार्यभार ग्रहण करने में असमर्थ हो जाय तो ऐसा कर देना कि वह ज्येष्ठता खो बठे, काफी न होगा। नियुक्ति प्राधिकारी को चाहिये कि यथोचित समय देने के बाद वह अभ्यर्थी को एक नोटिस दे जिसम कार्यभार ग्रहण करने की एक तिथि निश्चित कर दी जाय और यह लिख दिया जाय कि कार्यभार ग्रहण न करने पर ज्येष्ठता की हानि होगी या पद भी हाथ से निकल जायगा, और यदि उसके बाद भी कोई अभ्यर्थी कार्यभार ग्रहण नहीं करता है अथवा किसी निश्चित समय के भीतर ग्रहण करने में अपनी असमर्थता के लिये यथोचित कारण देते हुये कार्यभार ग्रहणकाल को बढ़ाने की प्रार्थना नहीं करता है तो ऐसा किया जा सकता है कि वह अपनी जेष्ठता या अपना पद, जैसी स्थिति हो, खो दे।

१९--अन्य विषय

१--आयोग द्वारा सीधी भर्ती सम्बन्धी अनुदेश तथा शासकीय सेवाओं में चुनाव के सिद्धान्त--जिन मामलों का वर्णन पिछली रिपोर्ट के पृष्ठ २१--२२ के पैरा १ व २ में किया गया था, उन पर शासन व आयोग क्रमशः वर्ष भर विचार करते रहे। वर्ष के अन्त के बाद आयोग द्वारा सीधी भर्ती के अनुदेशों को शासन ने अन्तिम रूप दिया और सभी सम्बन्धित अधिकारियों में घुमाया। शासकीय सेवाओं में चुनाव के सिद्धान्तों पर आयोग ने अपना अन्तिम पुनरवलोकन भी तैयार करके शासन को भेजा।

२--प्रश्नावली--सितम्बर, १९५६ में लोक प्रशासन की भारतीय संस्था के संचालक ने आयोग को सूचित किया कि संस्था ने भारत में लोक सेवा आयोगों की संरचना पर एक अध्ययन प्रारम्भ किया है, जिसके संबंध में निम्नलिखित विषयों पर सूचना की आवश्यकता है :

(१) संविधान, पश्चाद्वर्ती संशोधनों के साथ मौलिक अधिनियम।
(२) वार्षिक रिपोर्ट, उप विधियां, मैनुअल, अनुसूचियां आदि।
(३) राज्य लोक सेवा आयोग के विभिन्न विभागों के कार्य करने के ढंग पर टिप्पणियां।
(४) प्रशासनिक प्रणाली में संघटन तथा पद्धति।
(५) लोक वित्त, लेखा तथा समाकलन (क्रेडिट), क्रय तथा प्रदाय।
(६) कल्याण तथा विकास प्रशासन।
(७) लोक अर्थशास्त्र तथा आर्थिक नीति, योजना आदि आदि।
(८) किसी शाखा या विभाग में शिक्षा तथा प्रशिक्षण।
(९) लोक सम्बन्ध (पब्लिक रिलेशन्स)।
(१०) अन्तरशासन सम्बन्ध (इन्टर गवर्नमेंट रिलेशन्स)।
(११) दिन-प्रति-दिन के प्रशासन में वैयक्तिक अनुभव। नवम्बर, १९५६ में राज्य शासन ने आयोग से उपर्युक्त सूचना संस्था को देने का अनरोध भी किया। तदनुसार आवश्यक सूचना एकत्र करके संस्था को भेजी गई।

३--अतिरिक्त कर्तव्य--(क) अध्यक्ष ने भारत सरकार के केन्द्रीय संघटन द्वारा लखनऊ में २२ अक्तूबर, १९५६ को बुलाये गये केन्द्रीय तथा राज्यिक सांख्यिकों के पंचम सम्मेलन के उद्घाटन-सत्र में भाग लिया।

(ख) सदस्य, श्री तेजस्वी प्रसाद भल्ला ने लोक प्रशासन की भारतीय संस्था, नई दिल्ली द्वारा ३ मार्च, १९५७ को "लोक सेवाओं के लिये चनाव तथा प्रशिक्षण" पर बुलाये गये एक सेमिनार में भाग लिया।

(ग) आयोग ने सदा की भांति इस वर्ष भी संघ लोक सेवा आयोग की ओर से निम्नलिखित परीक्षाओं का संचालन तथा उनकी देख-रेख की :

(१) क्लर्क्स (ए० एफ० एच० क्यू० और डी० जी० ओ० एफ०) ग्रेड परीक्षा, जून, १९५६।

(२) नेशनल डिफेंस अकाडमी परीक्षा, जून १९५६।

(३) मिलिटरी कालेज परीक्षा, जून, १९५६।

(४) स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेन्टिसेज परीक्षा, जून, १९५६।

(५) आर्मी मेडिकल कोर परीक्षा, जुलाई, १९५६।

(६) इंडियन नेवी परीक्षा, जुलाई, १९५६।

(७) इंडियन एयर फोर्स परीक्षा, अगस्त, १९५६

(८) इन्डियन ऐडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस आदि परीक्षा, सितम्बर-अक्टूबर, १९५६।

(९) मिलिटरी कालेज परीक्षा, नवम्बर, १९५६।

(१०) इंडियन नेवी परीक्षा, दिसम्बर, १९५६।

(११) नेशनल डिफेंस अकाडमी परीक्षा, दिसम्बर, १९५६।

(१२) इन्डियन ऐडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस (विशेष चुनाव) परीक्षा, दिसम्बर, १९५६।

(१३) इंजीनियरिंग सर्विसेज परीक्षा, दिसम्बर, १९५६।

४—महत्वपूर्ण सूचना छिपाने के लिये अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्यवाही—आयोग ने पी० एम० एस० २ में नियुक्ति के लिये १९५३ में विज्ञापन, साक्षात्कार आदि के पश्चात् तीन डाक्टरों को चुना था। शासन ने उनके मामलों का निर्देश आयोग को किया, क्योंकि चिकित्सा महाविद्यालयों में जिस अवधि में वे लोग प्रशिक्षण पा रहे थे, उस अवधि के संबंध में कुछ शिकायतें प्रकाश में आयी थीं। शिकायतों पर विचार करके आयोग ने परामर्श दिया कि उनमें से एक की सेवायें, जिसने आयोग को अपना आवेदन-पत्र देते समय यह छिपा लिया था कि हाऊस सर्जन के पद से वह पदच्युत कर दिया गया था, एक मास की नोटिस देकर समाप्त कर दी जाय। शेष दोनों के विरुद्ध मामूली शिकायतें थीं और आयोग ने परामर्श दिया कि उनको सेवा में रहने दिया जाय तथा वे यथासमय पुष्टित कर दिये जायं। इस मामले में शासन के अन्तिम आदेश वर्ष की समाप्ति तक नहीं प्राप्त हुये थे।

५—उत्तर प्रदेश औद्योगिक विवाद अधिनियम के अन्तर्गत निर्मित की जाने वाली एक एक समिति में आयोग के एक सदस्य को सम्मिलित करना :—नवम्बर, १९५६ में शासन ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक विवाद अधिनियम को संशोधित करने का प्रस्ताव किया, ताकि श्रम अदालतों एवं औद्योगिक न्यायाधिकरणों के पीठासीन अधिकारियों के पदों पर नियुक्ति के लिये पात्र व्यक्तियों की एक सूची तैयार करने के हेतु निर्माण की जाने वाली समिति में आयोग का एक सदस्य भी रखा जाय और इस प्रस्ताव पर आयोग की सहमति का अनुरोध किया। आयोग ने इस पर अपनी सहमति दी।

६—अभ्यर्थियों को सुविधायें——२२ नवम्बर, १९५६ को आयोग ने निश्चय किया कि आवेदन-पत्रों की अग्रिम प्रतिलिपियां, यदि टाइप की हुई या साफ-साफ हाथ से लिखी हुई हों तो, केवल इसलिये नहीं अस्वीकृत की जायंगी कि वे छपे हुये प्रपत्र पर नहीं हैं। ऐसे आवेदन-पत्रों पर समुचित मार्ग से छपे हुये प्रपत्र पर आवेदन-पत्रों की प्राप्ति तक विधिवत् विचार किया जायगा।

७—आयोग को दी गई विशेष सहायता—आयोग शासन तथा अन्य नियुक्ति प्राधिकारियों के कृतज्ञ हैं कि उन्होंने टेक्निकल पदों के लिये अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करने के समय

उनके सहायतार्थ टेक्निकल परामर्शदाताओं की प्रतिनियुक्ति की। वे इस प्रकार प्रति नियुक्त किये गये विभागीय अधिकारियों तथा गैर सरकारी परामर्शदाताओं के भी उनके बहुमूल्य परामर्शों के लिये कृतज्ञ हैं।

२०--सामान्य कथ्य तथा निष्कर्षीय वक्तव्य

१--कार्य की अधिकता--आयोग द्वारा प्रतिवेदनाधीन वर्ष अर्थात् १९५६-५७ में किये गये कार्यों का एक संघनित विवरण परिशिष्ट १ में दिया गया है। नीचे इन अंकों की तुलना पूर्व वर्षों के अंकों से की गई है--

विवरण	गत पांच वर्षों अर्थात् १९५०-५१ से १९५४-५५ का वार्षिक औसत	१९५५-५६ के वास्तविक आंकड़े	१९५६-५७ के वास्तविक आंकड़े
१	२	३	४
१--प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा एवं साक्षात्कार द्वारा दोनों प्रकार के चुनावों के संबंध में निबटाये गये आवेदन-पत्रों की संख्या	१२,६११	१३,७१३	३०,०३७
२--निर्वाचित एवं संस्तुत अभ्यर्थियों की संख्या	१,०१८	१,५१०	२,४९१
३--उन प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या, जिनके विषय में संबंधित वर्षों में चुनाव पूरे न किये जा सके अर्थात् जो आगामी वर्षों के लिये छोड़ दिये गये	३,०७३	१२,०८०	६,०६०
४--उन अभ्यर्थियों की संख्या, जिन पर बिना विज्ञापन के भर्ती के, पदोन्नति या स्थानान्तरण द्वारा भर्ती के, पुष्टिकरण के और अस्थायी नियुक्तियों के नियमितकरण के संबंध में विचार किया गया था	१,७६१	२,७१८	३,२१४

ऊपर के आंकड़ों से पता चलता है कि आयोग तथा उनके कर्मचारिवर्ग के ऊपर काम का बोझ १९५०-५१ से १९५४-५५ के पांच वर्षों के औसत से अत्यधिक ही नहीं रहा है, बल्कि और बढ़ता जा रहा है। इससे गत प्रतिवेदन में अभिव्यक्त विचार की पुष्टि होती है, कि आयोग के कर्मचारिवर्ग में सारभूत वृद्धि परमावश्यक है।

२--आयोग के एक प्रतिनिधि की अध्यक्षता में तदर्थ समितियों द्वारा सीधी भर्ती करने का प्रस्ताव--इस वर्ष आयोग से इस बात पर सहमत होने का अनुरोध किया गया कि जिला उद्योग अधिकारी, भूगर्भ शास्त्री, सहायक भूगर्भशास्त्री तथा कानपुर चिकित्सा महाविद्यालय के कर्मचारिवर्ग के पदों के लिये सीधी भर्ती द्वारा चुनाव आयोग के एक प्रतिनिधि की अध्यक्षता में एक तदर्थ समिति द्वारा किया जाय, क्योंकि चुनाव अविलम्ब करना था। आयोग ऐसी प्रक्रिया से सहमत न हो सके। यद्यपि कभी कभी कुछ पदों के लिये चुनाव करने में विलम्ब हो जाता है, पर आयोग अविलम्ब चुनाव किये जाने वाले मामलों को सर्वाधिक प्राथमिकता देने के लिये सदैव तत्पर रहता है और ऐसे मामलों में चुनाव का काम पूरा करने के लिये ढाई से तीन मास का समय आवश्यक होता है।

३--परीक्षा भवन एवं कार्यालय के लिये स्थान--परीक्षा भवन के निर्माण में अच्छी प्रगति हो रही है और आशा की जाती है कि जल्दी ही निर्माण कार्य पूरा हो जायगा। पर आयोग के कार्यालय में वृद्धि के लिये स्थान का कोई प्रबन्ध अभी तक नहीं किया गया है। जैसा गत प्रतिवेदन में पहले ही संकेत किया जा चुका है, इस समस्या पर अब विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

४--टेक्निकल परामर्शदाताओं को मनोनीत करना--गत प्रतिवेदन के पृष्ठ २५ के पैरा ४ को देखें। यह लिखते हुये आयोग को संतोष होता है कि शासन ने अब एक आदेश जारी कर दिया है, जिसमें आयोग को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा मनोनीत टेक्निकल परामर्शदाता के अतिरिक्त अपनी मर्जी का स्वतन्त्र परामर्शदाता नियुक्त करने का अधिकार दे दिया गया है।

५--पदोन्नति की नई प्रक्रिया--जैसा अध्याय ८ में संकेत किया जा चुका है, इस वर्ष पदोन्नति की एक नई प्रक्रिया निकाली गई, जिसके अनुसार पदोन्नति के लिये अभ्यर्थियों का चुनाव करने के हेतु आयोग के अध्यक्ष या किसी सदस्य की अध्यक्षता में एक चुनाव समिति द्वारा पहले पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया जाता है। पदोन्नति की कसौटी में भी इस वर्ष एक परिवर्तन किया गया, जिसका विवरण भी अध्याय ८ में दिया गया है।

६--उत्तर प्रदेश असैनिक सेवा (अधिशासी शाखा) के लिये आपात (इमरजेंसी) चुनाव--प्रतिवेदनाधीन वर्ष की एक विशेषता यह थी कि उत्तर प्रदेश असैनिक सेवा (अधिशासी शाखा) में से भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिये विशेष चुनाव किये जाने के फलस्वरूप होने वाली रिक्तियों को भरने के लिये उत्तर प्रदेश असैनिक सेवा (अधिशासी शाखा) के लिये आपात चुनाव किया गया। आयोग के परामर्श से यह निश्चय किया गया कि इस चुनाव के लिये एक प्रतियोगितात्मक परीक्षा की जाय, जिसमें २५ से ४० वर्ष की आयु वाले वे सभी उत्तर प्रदेश के अधिवासी बैठ सकें, जिनके पास कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातक की डिग्री या स्नातकोत्तर डिग्री हो।

७--टेक्निकल पदों के लिये अभ्यर्थियों की दुर्लभता--प्रतिवेदनाधीन वर्ष में भी बनी रही, जैसा कि पूर्व अध्याय ६ के पैरा ४ में लिखा गया है। इस दुर्लभता को दूर करने के लिये आवश्यक उपायों का सुझाव आयोग गत प्रतिवेदन के पृष्ठ २५ के पैरा ५ में पहले ही दे चुके हैं।

८--नियमित सेवाओं के लिये वार्षिक चुनाव करने की वांछनीयता--पी० एम० एस० दो (परिशिष्ट ३ की मद संख्या २३०) के लिये चुनाव करने के सम्बन्ध में आयोग ने देखा कि उस सेवा के लिये पिछला चुनाव १९५३ में किया गया था। वे यह समझने में असमर्थ थे कि अन्य सेवाओं की भांति इस सेवा के लिये भी वार्षिक चुनाव क्यों नहीं किये जा सके। नियमित

रूप से वार्षिक चुनाव करने से कई लाभ होते हैं। उपलब्ध अभ्यर्थियों में से प्रति वर्ष चुनाव करने से आयु सीमा संबंधी बन्धनों द्वारा रोक उत्पन्न होने की संभावना नहीं रहती और अच्छे अभ्यर्थियों की सेवायें निश्चय ही उपलब्ध हो जाती हैं।

९--उपसंहार--आयोग को यह लिखते हुये संतोष होता है कि केवल थोड़े से मामलों को छोड़कर, जिनका वर्णन इस रिपोर्ट में किया गया है, शासन तथा अन्य प्राधिकारियों ने भारतीय संविधान एवं लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियमों के उपबन्धों का समुचित रूप से पालन किया और आयोग द्वारा दिये गये परामर्शों को भी यथाविधि मान लिया। आयोग मुख्य मन्त्री के विशेष रूप से कृतज्ञ हैं कि जो मामले उनके समक्ष रक्खे गये, उन पर उन्होंने शीघ्र ही समुचित कार्यवाही की।

राम नरेश लाल,
सचिव।

परिशिष्ट १

आयोग द्वारा १९५६-५७ वर्ष के अन्तर्गत किये गये कार्यों की सूची

१—परीक्षा द्वारा भर्ती—

१—ली गई परीक्षाओं की संख्या	...	१०
२—प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या ...	...	९,२९९
३—अभ्यर्थियों की संख्या, जिन्हें परीक्षाओं में बैठने की आज्ञा प्रदान की गई	...	८,५७९
४—वास्तविक परीक्षार्थियों की संख्या	...	७,१७६
५—साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	...	७२४
६—चुने हुये अभ्यर्थियों की संख्या ...	...	३७६

२—विज्ञापन के उपरान्त चुनाव द्वारा भर्ती—

१—निकाले गये विज्ञापनों की संख्या ...	...	३१८
२—विज्ञापित पदों की संख्या जिनके लिये—		
(क) चुनाव वर्ष के अन्तर्गत किया गया	...	२,०६७
(ख) चुनाव वर्ष के अन्त तक नहीं किया जा सका	...	१,०१४
३—आवेदन पत्रों की संख्या जिनके लिये—		
(क) चुनाव वर्ष के अन्तर्गत किया गया	...	२०,७३८
(ख) चुनाव वर्ष के अन्त तक नहीं किया जा सका	...	६,०६०
४—साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	...	४,५७२
५—चुने गये अभ्यर्थियों की संख्या ...	...	२,११५

३—अन्य विवरण—

१—ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या, जिन पर निम्नलिखित मामलों के सबन्ध में विचार किया गया—		
(१) बिना विज्ञापन के भर्ती ...	...	३१६
(२) पदोन्नति ...	...	२,१७१
(३) अस्थायी नियुक्तियों का नियमितकरण	...	५६१
(४) स्थानान्तरण द्वारा भर्ती ...	...	३
(५) पुष्टिकरण ...	...	१६३
२—विलीनीकृत राज्यों के उन पदाधिकारियों की संख्या, जिन पर राज्य सेवाओं में अन्तर्निधान करने के हेतु विचार किया गया	...	१०
३—निबटाये गये अपील के तथा आनुशासिक मामले	...	४७
४—निबटाये गये असाधारण पेन्शन तथा/अथवा उपदान के मामले		२२
५—निबटाये गये वैध व्ययों के मामले	...	५
६—नियमावलियां और उनके संशोधन, जिन पर विचार किया गया		४८
७—अन्य महत्वपूर्ण विविध निर्देश ...	...	६९

परिशिष्ट

परीक्षा द्वारा भर्ती

क्रम-सं०	सेवा या पद	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या	परीक्षा में बैठने की अनुमति पाये हुए अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा में बैठे हुए अभ्यर्थियों की संख्या	परीक्षा की तारीख	परीक्षा का स्थान
१	२	३	४	५	६	७	८
*१	उत्तर प्रदेश सबार्डिनेट एक्साइज सर्विस में एक्साइज इन्स्पेक्टर, १९५५	४२	५५८	३९६	२८९	अगस्त १६-१८, १९५५	सीनेट हाल, इलाहाबाद
*२	वरिष्ठ वन सेवा (डिप्लोमा) कोर्स, १९५६-५९	२	६५	५३	४५	अक्तूबर १७-२१, १९५५	अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल, इलाहाबाद
*३	फारेस्ट रेन्जर्स कोर्स, १९५६-५८	३	१३९	१२४	१०२	दिसम्बर १२-१४, १९५५	अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल, इलाहाबा

२

सन् १९५६-५७

पर्यवेक्षक का नाम	व्यक्तित्व परीक्षा अथवा साक्षात्कार की तिथि	टेक्निकल परामर्शदाता का नाम यदि कोई हो	साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों की संख्या	चुने गये अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्युक्ति
९	१०	११	१२	१३	१४
श्री एस०जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	अप्रैल ३-६, १०-१२ और २५, १९५६	...	१०३	३७	
श्री शिव लाल, सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	अप्रैल १४, १९५६	श्री डी० एल० साह, आई० एफ० एस०, चीफ कन्जरवेटर आफ फारेस्ट, उत्तर प्रदेश	७	२	इनमें से एक अभ्यर्थी का चुनाव रद्द कर दिया गया किन्तु उसको ट्रेनिंग कोर्स १९५७-६० में भर्ती होने की आज्ञा दे दी गई।
श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	अप्रैल १४ और २५, १९५६	श्री डी०एल० साह, आई० एफ० एस०, सी० सी० एफ०, उत्तर प्रदेश और श्री एच० के० मघवल, पी० एफ० एस०, डिप्टी चीफ कंजरवेटर आफ फारेस्ट्स, उत्तर प्रदेश	२३	३	

१	२	३	४	५	६	७	८
*४	निम्नलिखित के लिये सम्मिलित परीक्षा——						
	१——उत्तर प्रदेश असैनिक (अधिशासी) सेवा	२०	१,४८७	१,२१९	१,०३८	दिसम्बर १५–१७, १९–२४,२६–३०, १९५५ और जनवरी २–६, १९५६	१——अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल, इलाहाबाद २——गर्ल्स हाई स्कूल इलाहाबाद ३——सीनेट हाल, इलाहाबाद
	२——उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा	८					
	३——उत्तर प्रदेश वित्त तथा लेखा सेवा	६					
*५	उत्तर प्रदेश पंचायत आडिट आर्गेनाइजेशन, १९५५	१६५	३००	२६१	२०७	जनवरी २३–२५, १९५६	अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल, इलाहाबाद
*६	निम्नलिखित के लिये सम्मिलित परीक्षा——						
	१——उत्तर प्रदेश असैनिक (न्यायिक) सेवा	३५	४२५	३९५	३६४	फरवरी २३–२५, १९५६	सीनेट हाल, इलाहाबाद
	२——उत्तर प्रदेश न्यायिक अधिकारियों की सेवा	१०					

*पृष्ठ ४०–४१ पर फुटनोट देखिए।

९	१०	११	१२	१३	१४
श्री शिवलाल, सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश। डा० आई० डी० कैलब, सहायक रजिस्ट्रार, इलाहाबाद विश्वविद्यालय	अगस्त १३, १४, २२, २३, २४, २७, २९–३१, सितम्बर ३–७, और १०–१४, १९५६	श्री डब्ल्यू० ए० सी० पियर्स, आई० पी० एस०, डिप्टी इन्स्पेक्टर जनरल आफ पुलिस, प्रधान केन्द्र, इलाहाबाद (केवल उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा के लिये)	२२९	(१) २१ (२) ९ (३) ७	तीन अतिरिक्त अभ्यर्थी नियुक्त किये गये प्रत्येक सेवा में एक।
श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	अप्रैल ३० और मई १–४, १९५६	..	१०८	८०	
श्री शिव लाल, सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश।	सितम्बर, १९–२१, २४, २७ और २८ और अक्तूबर १, ३, ५ और ८–१०, १९५६	श्री के० पी० माथुर, रजिस्ट्रार, हाई कोर्ट, इलाहाबाद	१४३	३६ १०	शासन ने अनुसूचित जातियों के दो अभ्यर्थियों को "परीक्षण के लिये उपयुक्त के आधार पर" नियुक्त किया।

१	२	३	४	५	६	७	८
७	परिवहन आयुक्त के संघटन में सहायक क्षेत्रीय निरीक्षक (टेक्निकल)	२	२०	१०	८	अप्रैल २३ और २४, १९५६	उत्तर प्रदेश, गवर्नमेंट सेन्ट्रल रोड-वेज़ वर्क शाप, कानपुर
८	उत्तर प्रदेश सी० आई० डी० में आशु प्रतिवेदक	६	२२	२०	१४	जुलाई २३ और २४, १९५६	कार्यालय लोक सेवा आयोग
९	क़ानूनगो १९५६	५०	८०४	७०१	४६१	अगस्त २३, २४ और २५, १९५६	सीनेट हाल इलाहाबाद
१०	(१) उत्तर प्रदेश सेक्रेटेरिएट (२) उ० प्र० लोक सेवा आयोग कार्यालय में अवर वर्ग सहायकों के लिये सम्मिलित परीक्षा	५० १२	९८६	९३६	८४९	सितम्बर ६, ७ और ८, १९५६	१--सीनेट हाल, इलाहाबाद २--डी० ए० वी० कालेज, लखनऊ

९	१०	११	१२	१३	१४
श्री आर०के० बासु, चीफ मेकेनिकल इंजीनियर, गवर्नमेंट सेन्ट्रल रोडवेज वर्कशाप, उत्तर प्रदेश	अगस्त १, १९५६	श्री एच० एन० माथुर, डिप्टी ट्रान्सपोर्ट कमिश्नर (टेक्निकल)	७	३	श्री टी० पी० भल्ला, आयोग के सदस्य ने परीक्षा का निरीक्षण किया। तीसरा अभ्यर्थी केवल अस्थायी रूप से नियुक्त किया गया था।
श्री एम० एन० सक्सेना, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	..	..	..	३	केवल तीन अभ्यर्थी संस्तुत किये जा सके और दो इस शर्त पर कि उन्हें हिन्दी आशुलिपि में एक दूसरी परीक्षा पास करनी पड़ेगी। नियुक्ति आज्ञा की अब भी प्रतीक्षा की जा रही है।
श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	अक्तूबर २२-२६, १९५६	..	७९	५०	श्री एल० के० नागर, अतिरिक्त जिलाधीश, प्रयाग ने २२ तथा २७ अक्तूबर, १९५६ को ८ मील पैदल चलने की परीक्षा का संचालन किया।
श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश श्री एम० पी० शास्त्री, प्रिंसिपल, डी० ए० वी० कालेज, लखनऊ	..	..	..	५१ ४	(१) के लिये रिक्तियां-- १--बाहर के लिये लिये ... २५। २--विभागीय अभ्यर्थियों के लिये ... २५। योग ... ५०

१	२	३	४	५	६	७	८
११	(१) उत्तर प्रदेश सेक्रेटेरिएट (२) उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग कार्यालय में प्रवर वर्ग सहायकों के लिये सम्मिलित परीक्षा	४८ ६	१,४६८	१,४३५	१,११०	सितम्बर १०, ११, १२ और १३, १९५६	१--डी० ए० वी० कालेज, लखनऊ। २--अधिकारी प्रशिक्षण विद्यालय, इलाहाबाद ३--सीनेट हाल, इलाहाबाद
१२	फारेस्ट रेंजर्स कोर्स १९५७-५९	३	७४	६८	६१	अक्तूबर २९-३१, १९५६	अधिकारी प्रशिक्षण विद्यालय, इलाहाबाद
१३	निम्नलिखित के लिये सम्मिलित परीक्षायें-- १--असिस्टेंट सेल्स टैक्स आफिसर २--इन्टरटेनमेंट टैक्स न्सपेक्टर	 ४१ १२	२,६१६	२,४५२	२,१९२	नवम्बर २९ और ३०, १९५६	१--डी० ए० वी० कालेज, लखनऊ

९	१०	११	१२	१३	१४
१—श्री एम० पी० शास्त्री, प्रिंसिपल, डी० ए०वी० कालेज, लखनऊ २—श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उ० प्र० ३—श्री शिव लाल, सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०	..	..	..	५० ६	(१) के लिये रिक्तियां :— (क) बाहरी अभ्यर्थियों के लिये ... ३२। (ख) विभागीय अभ्यर्थियों के लिये ... १६। योग ... ४८
श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	दिसम्बर २२, १९५६	श्री आर० सहाय, आई० एफ० एस०, चीफ कंजरवेटर आफ फारेस्ट्स, उत्तर प्रदेश	२५		
१—श्री एम० पी० शास्त्री, प्रिन्सिपल, डी० ए० वी० कालेज, लखनऊ	...	...	...	...	प्रतिवेदनाधीन वर्ष में व्यक्तित्व परीक्षा न ली जा सकी।

१	२	३	४	५	६	७	८
							२--लखनऊ क्रिश्चियन कालेज, लखनऊ ३--अधिकारी, प्रशिक्षण विद्यालय, इलाहाबाद ४--सीनेट हाल, इलाहाबाद
१४	निम्नलिखित के लिये सम्मिलित परीक्षा -- १--नायब तहसीलदार २--पेशकार अधीनस्थ राजस्व (अधिशासी) सेवा में	१६ १	२,२२०	२,०४७	१,६९६	दिसम्बर ३ और ४, १९५६	१--डी०ए०वी० कालेज, लखनऊ २--लखनऊ क्रिश्चियन कालेज, लखनऊ ३--अधिकारी, प्रशिक्षण विद्यालय, इलाहाबाद ४--सीनेट हाल, इलाहाबाद

९	१०	११	१२	१३	१४
२--डा०सी० एम० ठाकोर, प्रिंसिपल, एल० सी०सी०, लखनऊ ३--श्री शिवलाल, सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश ४--श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश					
१--श्री एम० पी० शास्त्री, प्रिन्सिपल, डी० ए० वी० कालेज, लखनऊ २--डाक्टर सी० एम० ठाकोर, प्रिन्सिपल, एल० सी० सी०, लखनऊ ३--श्री शिव लाल, सहा-यक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश ४--श्री एस० जेड० हसनैन, अतिरिक्त सहायक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	...	...	...	...	प्रतिवेदनाधीन वर्ष में व्यक्तित्व परीक्षा नहीं ली जा सकी।

१	२	३	४	५	६	७	८
१५	निम्नलिखित के लिये सम्मिलित परीक्षा १९५६—						
	१—यू० पी० सिविल (एक्जीक्यूटिव सर्विस	१४	१,०८५	९०८	७८३	दिसम्बर २१, २२, २४, २६ और ३१, १९५६ और जनवरी २, ५, ७, ९–१२, १४–१८, १९५७	१—सीनेट हाल, इलाहाबाद
	२—यू० पी० पुलिस सर्विस	१०					
	३—उत्तर प्रदेश वित्त और लेखा सेवा	३					
	४—सेलस टैक्स आफिसर्स सर्विस	१९					२—अधिकारी, प्रशिक्षण विद्यालय, इलाहाबाद
१६	अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग, उ० प्र० के लिये हिन्दी आशुलिपिक	१	४	२	२	जनवरी २४, और जुलाई १७, १९५७	इलाहाबाद
	योग ...	२९४	९,२९९*	८,५७९*	७,१७६		

*३ से ६ के स्तम्भों के योग में मद सं० १ से ६ के सामने उन स्तम्भों में दिखलाये परीक्षाओं से है ।

९	१०	११	१२	१३	१४
१--डा० आई० डी० कैलब, सहा-यक निबन्धक, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद २--श्री शिव लाल, सहा-यक सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश	...	...	...	...	प्रतिवेदनाधीन वर्ष में व्यक्तित्व परीक्षा नहीं ली जा सकी।
...	...	...	...	१	सदस्य, श्री सुरति नारायण मणि त्रिपाठी ने स्वयं परीक्षा का संचालन किया।
			७२४	३७६	

गये अंक शामिल नहीं है, क्योंकि उन अंकों का संबंध गत वर्ष १९५५--५६ में ली गई

परिशिष्ट

चुनाव द्वारा भर्ती

क्रम-संख्या	सेवा या पद का नाम	रिक्त स्थानों की संख्या	प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या	साक्षात्कार के लिये बुलाये गये अभ्यर्थियों की संख्या	साक्षात्कार किये गये अभ्यर्थियों की संख्या
१	२	३	४	५	६
१	समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश में सहायक समाज कल्याण अधि-कारी	१३	१३३	५१	४५
२	स्टेट आयुर्वेदिक कालेज तथा अस्पताल, लखनऊ के प्रधानाचार्य एवं अधी-क्षक	१	७	४	४
३	स्टेट आयुर्वेदिक कालेज तथा अस्पताल, लखनऊ में कायाचिकित्सा में रीडर	१	११	७	६
४	स्टेट आयुर्वेदिक कालेज तथा अस्पताल लखनऊ में आयुर्वेद में व्याख्याता, एक आयुर्वेदिक शरीर तथा पदार्थ विज्ञान और एक द्रव्यगुण तथा रस शास्त्र के अध्यापन के लिये	२	१५	१०	९
५	स्टेट आयुर्वेदिक कालेज तथा अस्पताल, लखनऊ में द्रव्य-गुण तथा रस शास्त्र में डिमान्स्ट्रेटर	१	७	३	३
६	स्टेट आयुर्वेदिक कालेज तथा अस्पताल, लखनऊ में ज्येष्ठ चिकित्सा अधि-कारी	१	१५	७	६
७	स्टेट आयुर्वेदिक कालेज तथा अस्पताल, लखनऊ में कनिष्ठ चिकित्सा अधिकारी,	१	२४	७	७

३

१९५६–५७

चुने गये अभ्यर्थियों की संख्या	साक्षात्कार की तिथि	टेक्निकल परामर्शदाता का नाम, यदि कोई हो	अभ्युक्ति
७	८	९	१०
२१	अप्रैल ३, ४, ५ और ६, १९५६	श्री छेदीलाल, संचालक, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश	...
१	९ अप्रैल, १९५६	श्री एम० एन० के० पिल्लई, संचालक, देशी औषधि, त्रावनकोर–कोचीन–सरकार, त्रिवेन्द्रम	इसके लिये आयोग द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी उनके द्वारा एक दूसरे पद के लिये भी संस्तुत किया गया था। उस पद पर उसकी नियुक्ति की गई।
३	९ अप्रैल, १९५६	तदेव	
३	१० अप्रैल, १९५६	तदेव	
१	१० और ११ अप्रैल, १९५६	तदेव	
२	११ अप्रैल, १९५६	तदेव	
२	११ अप्रैल, १९५६	तदेव	

१	२	३	४	५	६
८	गन्ना विकास विभाग, उत्तर प्रदेश में लेखा निरीक्षक	५	५३	३५	२७
९	(अ) राजकीय फलोद्यान, भरसार में औद्योगिकी कार्यों (आपरेशन्स) के प्रभारी अधिकारी, तथा	१	१४	१३	११
	(ब) उत्तर प्रदेश फलोपयोगिता रानीखेत के संचालकालय के अधीन पर्वतीय खंड (हिल जोन) के लिये प्रसार सेवा अधिकारी	१	१५	९	८
१०	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएटग्रेड) (महिला शाखा) में हिन्दी अध्यापिकायें	१२	१९५	६३	४६
११	उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय प्रसार सेवा खंडों में ब्लाक डेवेलपमेंट अधिकारी	७५	२,८३४	३१५	२६०
१२	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट ग्रेड) (महिला शाखा) में संस्कृत अध्यापिकायें	१०	२८	२३	२१
१३	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट ग्रेड) (महिला शाखा) में इतिहास अध्यापिकायें	६	९०	२७	२२

७	८	९	१०
७	१२ और १३ अप्रैल, १९५६		
१	श्री वी० साने, फलोपयोगिता के संचालक, उत्तर प्रदेश, रानीखेत		
२			
१७	१६, १७ और १८ अप्रैल, १९५६	कुमारी के० डो० खन्ना, उप-शिक्षा संचालक (महिला), उत्तर प्रदेश और डा० बी० एम० गुप्ता, विशेष कार्याधिकारी, शिक्षा पुनर्व्यवस्था विभाग, शिक्षा संचालक कार्यालय, इलाहाबाद	
९५	१६, १७, १८, २०, २७, २८, ३० अप्रैल और १, २, ३, ७, ८ और ९ मई, १९५६	श्री एस० दीक्षित, शासन के अतिरिक्त सचिव, योजना विभाग और अतिरिक्त विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ	
१६	२० अप्रैल, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना, उप-शिक्षा संचालक (महिला) और श्री एस० शर्मा, विशेष कार्याधिकारी, शिक्षा पुनर्व्यवस्था विभाग, शिक्षा संचालक कार्यालय, इलाहाबाद	
११	२४ और २५ अप्रैल, और ७ मई, १९५६	कुमारी के० डो० खन्ना, उप-शिक्षा संचालक (महिला), उत्तर प्रदेश	

१	२	३	४	५	६
१४	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट ग्रेड) (महिला शाखा) में भूगोल अध्यापिकायें	१०	२५	१३	१२
१५	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट ग्रेड) (महिला शाखा) में नार्मल स्कूलों में शिक्षा या मनोविज्ञान अध्यापिकायें	४	६३	२५	२२
१६	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट ग्रेड) (महिला शाखा) में अर्थशास्त्र अध्यापिकायें	५	९८	४२	३८
१७	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट) (महिला शाखा) में नागरिक शास्त्र में अध्यापिकायें	४	६९	३२	२९
१८	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट) (महिला शाखा) में अंग्रेजी अध्यापिकायें	४	८४	३६	३०
१९	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट) (महिला शाखा) में उर्दू अध्यापिकायें	१	११	५	५
२०	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट ग्रेड) (महिला शाखा) में गृह विज्ञान अध्यापिकायें	१०	२६	१६	१३
२१	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट ग्रेड) (महिला शाखा) में संगीत अध्यापिकायें	१५	३०	२६	२५

७	८	९	१०
१२	२४ और २७ अप्रैल, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना ने २४ अप्रैल को और श्रीमती रानी टंडन, प्रिंसिपल, राजकीय गृह विज्ञान, इलाहाबाद ने २७ अप्रैल, १९५६ को सहायता दी	
७	२४, २५, २७ अप्रैल, और १ मई, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना* और डा० एस० एन० मेहरोत्रा, अनुसन्धान मनोवैज्ञानिक, मनोविज्ञान शाला, इलाहाबाद	*२७ अप्रैल, १९५६ को कुमारी के० डी० खन्ना के स्थान पर श्रीमती रानी टंडन आई थीं।
८	२४, २५, २६, २७, ३० अप्रैल तथा १, २ और ३ मई, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना, २७ अप्रैल को छोड़ कर शेष सभी दिन आईं	तदेव
११	२४, २५, २६, २७, ३० अप्रैल, तथा १, २, ३, ४ और ७ मई, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना, उप-शिक्षा संचालक (महिला), उत्तर प्रदेश	
६	२५, २६ और २७ अप्रैल, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना* २५ और २६ अप्रैल, १९५६ को	*२७ अप्रैल, १९५६ को कुमारी के० डी० खन्ना के स्थान पर श्रीमती रानी टंडन आई थीं।
२	२६ और २७ अप्रैल, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना, २६ अप्रैल को और श्रीमती रानी टंडन, २७ अप्रैल, १९५६ को आईं	
६	२७, ३० अप्रैल तथा ३ और ८ मई, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना और श्रीमती रानी टंडन	
१५	३० अप्रैल, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना और श्री जी० एन० नाटू, उप-प्रधान, भाठखंडे हिन्दुस्तानी संगीत महाविद्यालय, लखनऊ	

१	२	३	४	५	६
२२	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट ग्रेड) (महिला शाखा) में शारीरिक शिक्षा अध्यापिका	१	४	३	३
२३	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट ग्रेड) (महिला शाखा) में विज्ञान (गणित सहित) अध्यापिकायें	१	२	१	..
२४	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट ग्रेड) (महिला शाखा) में गणित अध्यापिका	११	९	६	५
२५	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट ग्रेड) (महिला शाखा,) में विज्ञान (जीव विज्ञान सहित) अध्यापिका	१६	६	३	३
२६	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट ग्रेड) (महिला शाखा) में मान्टेसरी अध्यापिका	१	३	३	१
२७	अधीनस्थ शिक्षा सेवा (ग्रेजुएट ग्रेड) (महिला शाखा) में कला अध्यापिकायें	९	१५	१५	११
२८	(क) राजकीय पालीटेक्निक, गाजीपुर में पावर हाउस इन्चार्ज तथा	१	६	५	४
	(ख) राजकीय प्रविधिक संस्था, गोरखपुर में पावर हाउस शिक्षक	१			
२९	राजकीय पालीटेक्निक, लखनऊ में---				
	(क) फोरमैन	२	६	५	४
	(ख) इन्स्ट्रक्टर वाच और टाइमपीस मैकेनिक्स	१	६	६	४

७	८	९	१०
१	३ मई, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना और श्री पी० एन० माथुर, ऐडमिनिस्ट्रेटिव कमान्डेन्ट, प्रान्तीय रक्षक दल, लखनऊ	
..	७ मई, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना और डा० एस० सरन, रिसर्च साइकॉलॉजिस्ट, मनो-विज्ञानशाला, उत्तर प्रदेश	एकमात्र अभ्यर्थी, जो साक्षात्कार के लिये बुलाई गई थी, वह भी नहीं आई।
५	७ मई, १९५६	तदेव	
३	८ मई, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना और श्री एस० के० शोम, प्रिंसिपल, राजकीय इंटर कालेज, इलाहाबाद	
१	८ मई, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना और कुमारी आई० डी० बोनी-फेसेस, बालिका गर्ल्स स्कूल की निरीक्षिका, तृतीय क्षेत्र, इलाहाबाद	
५	९ मई, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना, उप-शिक्षा संचालक (महिला), उत्तर प्रदेश	
१ १	१४ मई, १९५६	श्री एम० वी० रामाराव, प्रिंसिपल, जी० टी० आई०, लखनऊ	
२ १	१४ और १५ मई, १९५६	तदेव	

१	२	३	४	५	६
	(ग) इन्स्ट्रक्टर टाइपराइटर मैकेनिक्स	१	२	१	१
	(घ) इन्स्ट्रक्टर टर्निंग	१	१०	८	७
	(ङ) इन्स्ट्रक्टर मोल्डिंग	१	६	४	३
	(च) इन्स्ट्रक्टर जनरल मैकेनिक्स	१	५	३	३
	(छ) इन्स्ट्रक्टर आरमेचर वाइंडिंग	१	३	३	२
	(ज) इन्स्ट्रक्टर कारपेन्ट्री	१	५	४	४
३०	श्रम विभाग उत्तर प्रदेश कानपुर में,				
	(अ) जाब अनॉलिस्ट तथा लेखापाल	१	३	३	२
	(ब) सीनियर टाईम स्टडी हैन्ड्स	६	१९	१६	१६
३१	उत्तर प्रदेश उद्योगसेवा, क्लास दो में राजकीय प्राविधिक संस्था, लखनऊ के उप-प्रधानाध्यापक	१	९	७	७
३२	उद्योग संचालकालय उत्तर प्रदेश के अधीन क्वालिटी मार्किंग स्कीम में :-				
	(क) अधीक्षक (वस्त्र निर्माण १)	१	६	४	३
	(ख) अधीक्षक (वस्त्र निर्माण २)	१	३	३	२
	(ग) अधीक्षक (मुख्यालय)	१	२३	५	५
	(घ) अधीक्षक (छपाई)	१	९	६	६
	(ङ) अधीक्षक (ताले)	१	३	२	२
	(च) अधीक्षक (चर्म)	१	७	६	५
	(छ) अधीक्षक (दरी)	१	८	५	४
	(ज) परीक्षक (वस्त्र निर्माण)	५	१२	६	५
	(झ) परीक्षक (ताले)	१	२	१	१
३३	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नैनीताल तथा ज्ञानपुर में इतिहास के सहायक प्रोफेसर	२	२०	१६	१५

७	८	९	१०
१ २ २ १ १ १			
१ ६	१६ मई, १९५६	डा० बी० धर, सहायक श्रम कमिश्नर, उत्तर प्रदेश, कानपुर	पांच रिक्तियों के लिये विज्ञापन निकाला गया था, किन्तु बाद में रिक्तियों की संख्या बढ़ाकर ६ कर दी गई थी।
१	१७ मई, १९५६	श्री यम० समीउद्दीन, अतिरिक्त संचालक उद्योग, उत्तर प्रदेश, कानपुर	संस्तुत अभ्यर्थी ने आयोग द्वारा संस्तुत प्रारम्भिक वेतन से अधिक प्रारम्भिक वेतन मांगा। आयोग ने पद को पुनर्विज्ञापित करने का निश्चय किया।
१ १ १ २ १ २ २ ५ १	१८, २१ और २२ मई, १९५६	श्री यम० समीउद्दीन उद्योग के अतिरिक्त संचालक, उत्तर प्रदेश, १८ मई को और श्री बी० बी० सिंह, उद्योग के उप संचालक, उत्तर प्रदेश २१ और २२ मई को।	
४	२१ मई, १९५६		

१	२	३	४	५	६
३४	उद्योग संचालकालय, उत्तर प्रदेश के अधीन क्वालिटी मार्किंग स्कीम में परीक्षक (जूते)	१	८	६	४
३५	तदेव	१	७	२	२
३६	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नैनीताल और ज्ञानपुर में हिन्दी के सहायक प्रोफेसर	२	२६	१३	९
३७	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नैनीताल और ज्ञानपुर में हिन्दी के सहायक प्रोफेसर	२	२३	१४	११
	र प्रदेश उद्योग संचालकालय की चर्म-योजना में;				
	(क) वरिष्ठ प्रविधिक सहायक (चर्म संस्करण)	५	१२	१२	१०
	(ख) यान्त्रिक ओवरसियर, और	३	३	३	२
	(ग) शिक्षक (सहकारिता संगठन तथा वित्त)	३	६	४	..
३९	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय, उत्तर प्रदेश, रामपुर के लिये तैराकी तथा मालिश में व्याख्याता	१	४	३	३
४०	सी० एम० एस० राजकीय पालीटेक्निक, मेरठ में :				
	(अ) वैद्युत अभियंत्रण में व्याख्याता	१	३	३	२
	(ब) प्रशासन संगठन में व्याख्याता	१	५	४	४
	(स) वर्कशाप चार्जमैन	२	७	५	३
४१	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नैनीताल और ज्ञानपुर में अंग्रेजी में सहायक प्रोफेसर	६	७	५	५
४२	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, ज्ञानपुर में वाणिज्य में सहायक प्रोफेसर	१	११	६	४

७	८	९	१०
२	२२ मई और ४ जून, १९५६	श्री बी० बी० सिंह, उप-संचालक उद्योग, उत्तर प्रदेश	इनमें से एक पद के लिये विज्ञापन नवम्बर, १९५५ में निकाला गया और दूसरे के लिये जनवरी, १९५६ में।
२	तदेव ..	तदेव ..	
४	२२ मई, १९५६	..	..
४	२३ मई, १९५६	..	..
६ २ ..	२३ मई, १९५६	श्री एफ० एच० होक, एफ० ए० ओ०, टेक्निकल एड-वाइजर, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ	..
१	२५ मई, १९५६	श्री पी० एन० माथुर, एड-मिनिस्ट्रेटिव कमान्डेन्ट, पी० आर० डी०, लखनऊ	..
१ १ ३	२५ मई, १९५६	श्री जी० सी० मुकर्जी, अधीक्षण अभियन्ता रिहान्ड सर्किल, इलाहाबाद	..
३	२८ मई, १९५६	..	बाकी ३ पदों के लिए संशोधित अर्हताओं के साथ फिर से विज्ञापन निकालने का सुझाव दिया था।
२	२८ मई, १९५६	..	..

१	२	३	४	५	६
४३	राजकीय रोडवेज़ कर्मशाला, कानपुर में गोदाम (स्टोर) अधीक्षक	१	१९	३	३
४४	उत्तर प्रदेश सार्वजनिक निर्माण विभाग के अनुसन्धान स्टेशन में सहायक रसायनज्ञ	२	११	६	६
४५	सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश में टेस्ट तथा कन्ट्रोल सुपरवाइज़र	८	८	७	४
४६	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नैनीताल तथा ज्ञानपुर में भूगोल के सहायक प्रोफेसर	२	१५	९	८
४७	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा में उत्तर प्रदेश मनोविज्ञानशाला में सीनियर टेस्टर	१	२०	१०	१०
४८	एच० बी० टी० आई०, कानपुर में यान्त्रिक अभियन्त्रण में व्याख्याता	१	१	१	..
४९	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नैनीताल तथा ज्ञानपुर में राजनीति के सहायक प्रोफेसर	२	१३	८	६
५०	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, ज्ञानपुर में दर्शन के सहायक प्रोफेसर	१	५	३	२
५१	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, ज्ञानपुर में संस्कृत के सहायक प्रोफेसर	१	१३	६	५

७	८	९	१०
१	२८ मई, १९५६	श्री एम० एम० गुप्ता, डिप्टी ट्रान्सपोर्ट कमिश्नर, कर्म-शाला, उत्तर प्रदेश	साक्षात्कार के पूर्व एक व्याव-हारिक परीक्षा (प्रैक्टिकल टेस्ट) हुई, जो राजकीय रोडवेज केन्द्रीय कर्मशाला, कानपुर में ६ अप्रैल, १९५६ को ली गई।
३	२८ मई, १९५६	श्री एच० जी० वर्मा, सुपरि-न्टेंडिंग इन्जीनियर प्लानिंग सर्किल, लखनऊ	...
४	२८ मई, १९५६	श्री एस० के० जैन, रिहन्द बांध डिजाइन तथा योजना संचालक, इलाहाबाद	आयोग ने सुझाव दिया कि शेष तीनों पर निजी बात-चीत करके आयोग के परामर्श से नियुक्ति की जाय।
४	२९ मई, १९५६	..	..
२	२९ मई, १९५६	डा० सी० एम० भाटिया, संचालक, ब्यूरो आफ साइ-कोलॉजी, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद	..
..	२९ मई, १९५६	डा० कृपा शंकर, सहायक संचालक, उद्योग (शिक्षा), उत्तर प्रदेश, कानपुर	..
४	३० मई, ७ और ११ जून, १९५६	..	..
२	३१ मई और ४ जून, १९५६	..	..
२	३१ मई तथा ४ जून, १९५६	..	..

१	२	३	४	५	६
५२	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नैनीताल तथा ज्ञानपुर में प्राणिशास्त्र के सहायक प्रोफेसर	२	१४	६	४
५३	प्रान्तीय नर्सिंग सेवा में सिस्टर ट्यूटर	१०	८	८	५
५४	बी० सी० जी० टीका में फील्ड प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश	१	३	३	३
५५	(अ) राजकीय टेक्निकल इन्स्टीटयूट, झांसी में ड्राइंग अध्यापक	२	४	३	३
	(ब) राजकीय पालीटेक्निक, गाजीपुर में ड्राइंग अध्यापक	१			
५६	उद्योग संचालकालय, उत्तर प्रदेश के गोदाम क्रय उप-विभाग के लिये सहायक उद्योग संचालक (अभियन्ता)	१	८	७	४
५७	विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा (महिला) में सहायक अध्यापिकायें (अंग्रेजी)	१६	३९	३५	२९
५८	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नैनीताल तथा ज्ञानपुर में भौतिक शास्त्र के सहायक प्रोफेसर	२	७	७	७
५९	अधीनस्थ कृषि सेवा के प्रथम ग्रूप में ज्येष्ठ कवक विज्ञान सहायक (पी-६)	१	१४	७	५
६०	अधीनस्थ कृषि सेवा द्वितीय ग्रूप में कनिष्ठ वृक्ष संरक्षण सहायक (क्यू-५)	३	११	११	८
६१	अधीनस्थ कृषि सेवा के द्वितीय ग्रूप में कनिष्ठ अनुसंधान सहायक कवक विज्ञान (क्यू-१५)	१	२	२	१

७	८	९	१०
३	३१ मई, १९५६	डा० एच० आर० मेहरा, अध्यक्ष, प्राणिशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय	..
*६	३१ मई, १९५६	कुमारी यल० विलियम, अधीक्षक, नर्सिंग सेवायें, उत्तर प्रदेश	*वह अभ्यर्थी भी सम्मिलित है, जिस पर उसकी अनुपस्थिति में विचार किया गया।
१	३१ मई, १९५६	डा० एस० एन० चटर्जी, सिविल सर्जन, इलाहाबाद	..
३	१ जून, १९५६	श्री बी० एस० त्यागी, प्रधानाचार्य, जी० टी० आई०, गोरखपुर	प्रविधिक परामर्शदाता नहीं आये।
१	१ जून, १९५६	श्री एस० एस० अरोरा, डिप्टी जनरल मैनेजर, के० ई० एस० ए०	..
१६	२, ४ और २२ जून, १९५६	कुमारी के० डी० खन्ना, उप-शिक्षा संचालक (महिला), उत्तर प्रदेश	..
२	४ जून, १९५६	डा० पी० एन० शर्मा, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय	..
२	५ जून, १९५६	डा० ए० एस० श्रीवास्तवा, राजकीय एन्टॉमॉलॉजिस्ट, उत्तर प्रदेश शासन	..
३	५ जून, १९५६	डा० ए० एस० श्रीवास्तवा, राजकीय एन्टॉमॉलॉजिस्ट, उत्तर प्रदेश शासन	
१	५ जून, १९५६	तदेव	

१	२	३	४	५	६
६२	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नैनीताल तथा ज्ञानपुर के लिये--				
	(अ) रसायन शास्त्र (आर्गेनिक) के सहायक प्राध्यापक	१	१४	१२	१०
	(ब) रसायन शास्त्र (इनआर्गेनिक) के सहायक प्राध्यापक	१	७	५	५
	(स) रसायन शास्त्र (भौतिक) के सहायक प्राध्यापक	२	१०	८	६
६३	अधीनस्थ कृषि सेवा के द्वितीय ग्रुप में कनिष्ठ अनुसंधान सहायक (कीट विज्ञान) (एन्टॉमॉलॉजी) (क्यू-४)	७	२७	२७	२२
६४	राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नैनीताल के लिये गणित में सहायक प्रोफेसर	१	१५	१०	९
६५	अधीनस्थ कृषि सेवा के द्वितीय ग्रुप में अभियन्त्रण के व्याख्याता (पी-१)	१	५	४	३
६६	अधीनस्थ कृषि सेवा के प्रथम ग्रुप में ज्येष्ठ वृक्ष संरक्षण सहायक (यन्त्र) (पी-९)	१	६	६	६
६७	अधीनस्थ कृषि सेवा के द्वितीय ग्रुप में अनुसन्धान सहायक (कीट विज्ञान) (क्यू-१४)	१	५	५	४
६८	राजकीय वेधशाला, वाराणसी में ज्योतिषीय सहायक	१	३	१	..
६९	अधीनस्थ कृषि सेवा के ग्रुप १ में वृक्ष अधिजनन (प्लान्ट ब्रीडिंग) के व्याख्याता (पी-२)	१	१०	७	६

७	८	९	१०
२ ३	५ तथा ६ जून, १९५६	डा० ए० सी० चटर्जी, अध्यक्ष, रसायन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय	पद को एक उच्चतर प्रारम्भिक वेतन देने के उपबन्ध के साथ पुनर्विज्ञापित करने का सुझाव दिया गया।
११	६ और ७ जून, १९५६	डा० ए० एस० श्रीवास्तवा, राजकीय एन्टॉमॉलॉजिस्ट, उत्तर प्रदेश शासन	...
२	७ जून, १९५६	डा० गोरख प्रसाद, रीडर, गणित विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय	...
२	७ जून, १९५६	श्री एच० वी० भार्गवा, एग्रीकल्चरल इन्जीनियर, मुख्यालय, लखनऊ	..
